


नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

RNI No. CHHHIN/2009/35020

◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 157 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, बुधवार 12 अप्रैल 2023



पेज -4 पर उदार वादी परिवर्तन वादी विचारक रहे महात्मा ज्योतिबा- ओपी चौधरी





सचिव संघ ने बाइक रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्य सचिव ने अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक ली

## मुख्यमंत्री ने कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

*स्वास्थ्य विभाग को सभी जिलों में रोजाना सैंपलों की जांच बढ़ाने कहा, ज्यादा से ज्यादा संख्या में आरटीपीसीआर जांच के निर्देश*

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देश और प्रदेश में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सतर्कता बरतने तथा आवश्यक तैयारियां रखने के निर्देश दिए हैं।




उनके निर्देश पर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने आज मंत्रालय (महानदी भवन) में अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक लेकर प्रदेश में कोविड-19 की स्थिति तथा इससे बचाव व रोकथाम की व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में डीजीपी श्री अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री प्रसन्ना आर. और पुलिस महानिरीक्षक श्री अजय यादव भी शामिल हुए। मुख्य सचिव श्री जैन ने बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बढ़ते कोविड संक्रमण को देखते हुए चिंता व्यक्त की है और उन्होंने अत्यधिक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। श्री जैन ने सभी जिलों को कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए राज्य व केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनिवार्यतः पालन करने को कहा। उन्होंने कलेक्टरों को कोविड प्रोटोकाल का गंभीरता से पालन करने और कोरोना टेस्टिंग व वैक्सीनेशन के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को अस्पतालों में कोविड के इलाज के लिए ऑक्सीजन सिलेण्डर सहित अन्य जीवनरक्षक उपकरणों और दवाईयों की समुचित व्यवस्था रखने को कहा। अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू ने कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए सभी अस्पतालों में पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यक किट्स व कन्ज्युमेबल्स के साथ पर्याप्त दवाईयों, उपकरणों और प्रशिक्षित मानव संसाधन की भी पूरी तैयारी रखने को कहा। सभी संभागों के आयुक्त, सभी जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक में शामिल हुए। स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री प्रसन्ना आर. ने बैठक में बताया कि कोरोना संक्रमण से बचाव और रोकथाम के लिए सभी कलेक्टरों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

भाजपा प्रदेश के माहौल को दूषित कर रही

## दो बच्चों के बीच की घटना थी, वीभत्स स्वरूप दे दिया गया-रविन्द्र चौबे



**रायपुर।** मंत्री रविंद्र चौबे ने रायपुर में बेमेतरा के बिरनपुर हिंसा पर BJP पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश के माहौल को दूषित करने का प्रयास कर रही है. दो बच्चों के बीच की घटना थी, जिसे इतना वीभत्स स्वरूप दे दिया गया. इस गंदी राजनीति की मैं निंदा करता हूं। मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि बिरनपुर घटना मामले में सीएम भूपेश बघेल से मुलाकात हुई है. मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक की है. पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी. साथ ही परिवार को 10 लाख की आर्थिक सहायता की भी घोषणा की है. मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि दुर्ग कमिश्नर मामले की प्रशासकीय जांच करेंगे. 7 दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं. वहीं चौबे ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी करवाई की जा रही है. सीएम भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पदाधिकारियों की मुख्यमंत्री से मुलाक़ात के बाद मृत युवक के परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी और 10 लाख रुपये सहायता राशि देने की घोषणा की है।

### एक नजर

**डीएम अवस्थी को एंटी करप्शन ब्यूरो और ईओडब्ल्यू की जिम्मेदारी**

**रायपुर।** राज्य सरकार ने रिटायर आईपीएस अधिकारी डीएम अवस्थी को एंटी करप्शन ब्यूरो व ईओडब्ल्यू के महानिदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है. इसी जिम्मेदारी से वे 31 मार्च को रिटायर हुए हैं. इसके बाद उन्हें पोस्ट रिटायरमेंट विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के रूप में नियुक्ति दी गई. अब सामान्य प्रशासन विभाग ने उन्हें एसीबी-ईओडब्ल्यू के महानिदेशक की जिम्मेदारी सौंपी है।

**हनीफ ढेबर ईडी की कार्रवाई के खिलाफ पहुंचे हाईकोर्ट**

**बिलासपुर।** रायपुर मेयर एजाज ढेबर के बड़े भाई हनीफ ढेबर ने ईडी की कार्रवाई के खिलाफ हाईकोर्ट में मंगलवार को रिट याचिका दायर की है। कोर्ट ने प्रकरण सिविल रिट अथवा क्रिमनल रिट याचिका के रूप में सुनवाई करेगा, इस पर आदेश सुरक्षित रखा है।

## बिरनपुर गांव में तनाव के बीच मिले शवों की हुई शिनाख्त, इलाके में बढ़ाई गई सुरक्षा

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के बिरनपुर गांव में हिंसा के चौथे दिन दो शव मिले हैं। दोनों शव बिरनपुर गांव से करीब 8 किलोमीटर दूर कोरवाय गांव में मिले हैं। बेमेतरा के एसपी कल्याण एसेसेला ने इसकी पुष्टी की है।

पुलिस ने दोनों शवों की शिनाख्ती कर ली है। मृतक का नाम रहीम मोहम्मद उम्र 55 साल और इदुल मोहम्मद उम्र 35 साल है। बताया जा रहा है कि दोनों ग्राम बिरनपुर के निवासी हैं। दोनों मृतक पिता-पुत्र हैं। खबरों के अनुसार दोनों बकरी चराने तथा कृषि मजदूरी का काम करते थे। एसपी कल्याण एसेसेला ने कहा, शव की शिनाख्ती के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि शव में हेड इंजूरी के निशान है। गांव से कनेक्शन है या नहीं इसकी जांच की जा रही है। इधर, गांव में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। साथ ही प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। इससे पहले बेमेतरा जिले के साजा ब्लाक के बिरनपुर गांव में दो समुदायों के बीच भड़की हिंसा में एक हिंदू युवक की हत्या के विरोध में सोमवार को छत्तीसगढ़ बंद रहा। विहिप, भाजपा व अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता सुबह से बंद कराने के लिए सड़कों पर रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव साजा में धरने पर रहे। शाम को भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिरनपुर गांव में घुसने का प्रयास किया।




**मृतक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और 10 लाख का मुआवजा**



*बिरनपुर कांड पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बड़ी घोषणा की है। उनकी घोषणा के मुताबिक बिरनपुर में दिवंगत 22 वर्षीय युवक भुवनेश्वर साहू के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 10 लाख रुपये की सहायता राशि देने की भी घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पदाधिकारियों की आज मुख्यमंत्री से मुलाक़ात के बाद मुख्यमंत्री ने यह ऐलान किया है। समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू और अन्य पदाधिकारियों ने आज मुख्यमंत्री से मुलाक़ात की।*

***कमिश्नर के नेतृत्व में होगी जांच, सप्ताहभर में रिपोर्ट देने के निर्देश-*** *मुख्यमंत्री ने बिरनपुर कांड की कमिश्नर के नेतृत्व में उच्च स्तरीय प्रशासकीय जाँच के निर्देश भी जारी किए हैं। निर्देश के मुताबिक एक सप्ताह में जाँच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से शांति और सद्भावना बनाए रखने की अपील की है।*

## भाजपा के कोर ग्रुप में बड़े बदलाव के मिल रहे संकेत!

विधानसभा चुनाव में बनेगी नई रणनीति




**रायपुर।** भाजपा के कोर ग्रुप में बदलाव को लेकर हाईकमान ने भी सहमति दे दी है। कोर ग्रुप में प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, कोषाध्यक्ष नंदन जैन को लिया जा सकता है, बल्कि कुछ पुराने नेताओं को बाहर किया जा सकता है। इस ग्रुप से पूर्व भाजपा के अध्यक्ष विक्रम उसेंडी को भी बाहर किया जा सकता है। हालांकि जिन नेताओं को बाहर किया जाएगा उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव के लिए गठित घोषणा पत्र समिति में जगह दी जाएगी।

छत्तीसगढ़ भाजपा की कोर कमेटी की बैठक के बाद अब संगठन के इस ग्रुप में बड़े बदलाव के संकेत हैं। कम से कम तीन नए सदस्य इस समूह में शामिल हो सकते हैं और कुछ को संगठन से बाहर किया जा सकता है।

### प्रदेश स्तर की नेताओं की भी समीक्षा

*विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश भाजपा ने जिला प्रभारी, सह प्रभारी और विधानसभा प्रभारियों की समीक्षा करने का निर्णय लिया है। मंगलवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव के नेतृत्व में इन प्रभारियों के कामकाजों की समीक्षा की जाएगी। गौरतलब है कि प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर और सह प्रभारी नितिन नबीन की समीक्षा बैठक के बाद अब प्रदेश स्तर के नेताओं ने भी समीक्षा करनी शुरू कर दी है।*

## 1 लाख 72 हजार के नकली नोट बरामद, 2 आरोपी गिरफ्तार

नकली नोट छापने वाली कलर प्रिंटर, पेपर कटर मशीन समेत अन्य सामान जब्त





**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ थाना क्षेत्र में नकली नोट के साथ पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 1 लाख 72 हजार 500 रुपए के नकली नोट जब्त किए गए हैं। साथ ही नकली नोट छापने वाली कलर प्रिंटर, पेपर कटर मशीन, मोबाइल और मोटर साइकिल भी जब्त किया गया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी सनत मांत्रे ने बताया कि सूचना मिली थी कि भिलौनी गांव का युवक वृंदा उर्फ संजू रत्नाकर (38 वर्ष) मजदूर है, वो मेऊंभाठा के बस स्टैंड के पास नकली नोट लेकर बाजार में खपाने के लिए घूम रहा है। सूचना पर पुलिस ने टीम बनाकर युवक वृंदा उर्फ संजू रत्नाकर को 500- 500 रुपए के 14 हजार नकली नोट के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उससे मोबाइल और बाइक भी जब्त कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि डोंगाकोहरौद गांव में रहने वाले दोस्त रामसागर बंजारे (26 वर्ष) के साथ वो अपने घर भिलौनी गांव में 500 रुपए के नकली नोट छापते थे और फिर बाजार में खपाते थे। पुलिस ने रामसागर बंजारे को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने यह भी बताया कि जब दोनों में से किसी एक का परिवार घर में नहीं रहता था, तब वे नकली नोट छापने का काम करते थे।

## गाजे बाजे के साथ विदाई समारोह करने वाले टीआई को जॉइन करते ही आईजी ने किया सस्पेंड

गृह मंत्री की अनुशंसा पर निकला था सिंगल ऑर्डर

**बिलासपुर।** वर्दी पहनकर फिल्मी स्टाइल में विदाई समारोह में रोड-शो कराने वाले टीआई सुरेन्द्र स्वर्णकार को आखिरकार सस्पेंड कर दिया गया है. डोंगरगढ़ से जैसे वे बिलासपुर पहुंचे, आईजी बद्रीनारायण मीणा ने उन्हें सस्पेंड करते हुए लाइन अटैच कर दिया है.

दरअसल, राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ से बिलासपुर ट्रांसफर होने पर थानेदार सुरेंद्र स्वर्णकार को ढोल-ताशों के साथ बारातियों की तरह विदाई दी गई थी, जिसमें वे फूलों से सजी अपनी लक्जरी कार का सनरूफ खोलकर हाथ जोड़ते नजर आए रहे थे. विदाई समारोह का यह वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ. इसके बाद निरीक्षक सुरेंद्र स्वर्णकार पूरे प्रदेश में चर्चा में आ गए हैं. उनके इस कार्यप्रणाली को पुलिस अफसरों ने अनुशासनहीनता माना है. यही वजह है कि, बिलासपुर में जॉइन करते ही उन्हें निलंबित कर दिया गया है. इस कार्रवाई से विभाग में भी खलबली मच गई है।



## छत्तीसगढ़ बंद के दौरान तोड़फोड़ और चक्काजाम करने वाले 200 प्रदर्शनकारियों पर केस दर्ज




**रायपुर।** बेमेतरा के बिरनपुर गांव में भड़की हिंसा में हिंदू युवक की हत्या के विरोध में सोमवार को छत्तीसगढ़ बंद के दौरान राजधानी रायपुर में उपद्रव और तोड़फोड़ करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किए हैं। पुलिस ने गोलबाजार थाने में 200 बजरंग दल, वीएचपी समेत भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ अनाधिकृत चक्काजाम करने की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

टीकरापारा थाना की पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ता राजेश वैष्णव, किशोर, अजय और लव अमित समेत अन्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ जान से मारने की धमकी समेत रास्ता रोककर तोड़फोड़ समेत बलवा की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है पुलिस का कहना है कि बंद के दौरान थाना टिकरापारा क्षेत्र अंतर्गत स्थित बस स्टैंड में कुछ लोगों द्वारा बस में तोड़फोड़ किया जिस पर व्यक्तियों को चिन्हित उनके विरुद्ध थाना टिकरापारा में अपराध पंजीबद्ध किया गया है इसी प्रकार जय स्तंभ चौक पर लंबे समय तक चक्काजाम कर यातायात बाधित किया गया जिससे आम जनता को अत्यधिक परेशानी हुई जिस पर ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध थाना गोल बाजार में अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

**भागवत कथा..** 108 पोथी श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में शामिल हुए मुख्यमंत्री

## छत्तीसगढ़ की वैभवशाली संस्कृति की है विशिष्ट पहचान : मुख्यमंत्री

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर स्थित सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इण्डोर स्टेडियम में अयोजित 108 पोथी श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में शामिल हुए और पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।



**राज्य में सांस्कृतिक विरासत को सहेजने राम वन गमन पर्यटन परिपथ तथा 'कृष्ण कुंज' के निर्माण सहित हो रहे अनेक कार्य**

उन्होंने कथास्थल में व्यासपीठ पर विराजमान पूज्य भाई श्री रमेशभाई ओझा जी को शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल इस दौरान दर्शकदीर्घा में बैठकर कथा का श्रवण भी किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा से ज्ञान, भक्ति और कर्म की शिक्षा के साथ असीम आनंद की अनुभूति होती है, जो हमारे जीवन को संवारने में अहम् होता है। उन्होंने राजधानी में 9 अप्रैल से 15 अप्रैल तक श्री गुजराती समाज, रायपुर द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के आयोजन के लिए आयोजकों को धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर आगे कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य अनेक ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थलों से समृद्ध है, जो इसके वैभवशाली संस्कृति की विशिष्ट पहचान है। उन्होंने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में 'आरंग' एक ऐसी जगह है, जहां भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराम दोनों ही पधारे थे। हमारी सरकार द्वारा राज्य के ऐसे सभी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इस कड़ी में राम वन गमन पर्यटन परिपथ का भी निर्माण किया जा रहा है। जिसमें भगवान राम के प्रति स्थानीय लोगों की भावनाओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेजा जा रहा है। इसके तहत राज्य में हर उस जगह को चिन्हित किया गया है, जहां से वनवास के दौरान भगवान राम गुजरे थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस दौरान राज्य में विकसित हो रहे 'कृष्ण कुंज' के बारे में भी अवगत कराया। इसके तहत समस्त नगरीय निकायों को चिन्हाकित किया गया है। जिसमें धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के वृक्षों का रोपण शहरों की हरियाली में वृद्धि और स्वच्छ वातावरण के लिए किया जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष श्री कुलदीप जुनेजा, महापौर श्री एजाज ढेबर, गुजराती समाज के लोग तथा श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने सचिन पायलट का किया समर्थन, कांग्रेस में मची खलबली

रायपुर । कांग्रेस नेता और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट मंगलवार को जयपुर में अपना अनशन शुरू करेंगे। इसी दौरान छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने सचिन पायलट का समर्थन कर कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ा दी है। दरअसल, सोमवार को टीएस सिंहदेव ने राजस्थान के कांग्रेस नेता सचिन पायलट के पक्ष में बयान दिया।



उन्होंने कहा कि सचिन पायलट ने कोई लक्ष्मण रेखा पार की ऐसा मुझे नहीं लगता है। यह पार्टी विरोधी गतिविधि नहीं है।

मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि सचिन पायलट को लगता होगा कि चुनाव के समय उन्हें मतदाता को जवाब देना पड़ेगा, क्योंकि उन्होंने कहा था कि वसुंधरा राजे की सरकार में बहुत भ्रष्टाचार हुआ है और वे इसकी जांच कराएंगे लेकिन उन्होंने नहीं कराई। अब आप जनता के पास जाएंगे तो जनता आपसे जवाब मांगेगी। कहेगी हम आपको वोट क्यों दें, आपने जो कहा था अपनी बात पूरी नहीं की। सिंहदेव ने कहा मैं इसे सरकार के खिलाफ आंदोलन नहीं मानता हूं। वसुंधरा राजे की सरकार के खिलाफ आवाज उठाने के तौर पर देख रहा हूं। सिंहदेव ने कहा आप हमेशा चुप बैठो, जो हो रहा है होने दो, कल कान पकड़कर पब्लिक आपको बाहर करेगी। इससे पार्टी को ही नुकसान होगा। प्रजातंत्र के अंदर यह नहीं है कि मुह नहीं खोलना है।

# चुनावी चंदे पर नियंत्रण जरूरी, इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करने की दरकार

भारत के 2009 के आम चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा दो अरब डॉलर खर्च किए गए। यह आंकड़ा 2014 में पांच अरब और 2019 तक 8.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया। भारत का पिछला आम चुनाव दुनिया का सबसे महंगा चुनाव था। यह अमेरिकी आंकड़े से भी आगे निकल गया, वहां 2015 में हुए चुनाव में 6.5 अरब डॉलर खर्च हुए थे। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अनुसार, भारत में इस खर्च का 10-12 फीसद मतदाताओं को सीधे नकद भुगतान के रूप में है।

हमारे यहां चुनाव खर्च को लेकर राज्य वित्त पोषण का मामला पहले से विचारणीय रहा है। इस मुद्दे पर अब नए सिरे से ध्यान देने की जरूरत है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के अनुसार, 2021-22 में देश में राष्ट्रीय दलों की आय का 60 फीसद अज्ञात स्रोतों से आया और यह राशि 2,172 करोड़ रुपये से अधिक है। वित्तीय वर्ष 2004-05 और 2021-22 के बीच राजनीतिक दलों द्वारा 17,249 करोड़ रुपये अज्ञात स्रोतों से जुटाए गए। इसमें कहीं दो राय नहीं कि चुनिंदा सुधारों के बावजूद दशकों से देश में चुनावी खर्च में पारदर्शिता की कमी रही है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम (1951), धारा 29(सी) के मुताबिक, राजनीतिक दलों के कोषाध्यक्षों को 20 हजार रुपये से अधिक के किसी भी योगदान के दस्तावेज चुनाव आयोग से साझा करना होता है।

1968 में इंदिरा गांधी की पहल पर राजनीतिक दलों को कॉरपोरेट चंदे पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। अलबत्ता 1985 में इसे फिर से वैध ठहरा दिया गया। 1979 तक राजनीतिक दलों को आय और संपत्ति करों से भी छूट हासिल थी। हालांकि वे वार्षिक रिटर्न दाखिल करते थे और दस हजार रुपये से अधिक के दान और उसके दाताओं की पहचान का खुलासा करते थे। कहना नहीं होगा कि इस मामले में बाद में संशोधनों ने निगमों और राजनीतिक दलों की गोपनीयता को सामान्य नागरिकों के सूचना के अधिकार पर प्राथमिकता दी है। जाहिरा तौर पर इससे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की हमारी क्षमता प्रभावित हुई है। राजनीतिक दलों को अब आयकर विभाग और चुनाव आयोग को वार्षिक आय-व्यय ब्योरा देना तो जरूरी है, लेकिन वे अपने धन के स्रोतों का



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार कहा था कि भारत में हर विधायक अपने करिअर की शुरुआत झूठे रिटर्न फाइलिंग से करता है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की निजी चंदे पर निर्भरता कम करने के लिए सरकारी फंडिंग की दिशा में ठोस और ईमानदार पहल समय की मांग है।

विस्तृत विवरण देने के लिए बाध्य नहीं हैं। साफ है कि हमारे पास चुनावी खर्च और इसमें योगदान के खुलासे सीमित हैं। अमेरिका में चुनाव अभियान के खर्च के लिए दलों और उम्मीदवारों को वित्तीय मदद की परिभाषित सीमाएं हैं, जबकि चुनाव अभियान का खर्च ऐसी किसी सीमा से मुक्त है। साथ ही निगमों और श्रमिक संघों को उम्मीदवारों को सीधे वित्तीय मदद देने से मनाही है। इटली में राजनीतिक दलों को कॉरपोरेट योगदान के लिए वार्षिक रिपोर्ट में इसके खुलासे के साथ बोर्ड की मंजूरी लेनी होती है। नीदरलैंड में लोगों और कंपनियों को सीमित दान और पार्टी सदस्यता राशि चुकाने में कर कटौती का प्रोत्साहनकारी प्रावधान है। हमें चुनाव के दौरान उम्मीदवारों और दलों के लिए खर्च की स्पष्ट सीमा तय करने की जरूरत है। चुनाव अभियानों के संचालन की जटिलता का ध्यान रखते हुए इन सीमाओं को यथार्थवादी और प्रासंगिक होना चाहिए। चुनाव आयोग राजनीतिक दलों की रिपोर्ट के लिए जोर दे रहा है। डिजिटल लेन-देन की अनिवार्यता के साथ 2,000 रुपये से ऊपर के सभी दान का स्वागत किया जाना चाहिए। इस तरह के प्रावधानों के साथ छोटे दलों के लिए खेल का मैदान न्यायपूर्ण हो जाएगा और निर्दलीय उम्मीदवारों के पास सफलता का अधिक उचित अवसर होगा।

इस मामले में चुनावी बॉन्ड रामबाण साबित नहीं हुआ है। 2018 में चुनावी बॉन्ड योजना को वित्त अधिनियम (2017) के जरिये पेश किया गया था और इसके जरिये लोगों, संस्थाओं या कंपनियों द्वारा ब्याज मुक्त चुनावी बॉन्ड की खरीद का रास्ता खोला गया था। इसमें न तो क्रेता और न ही राजनीतिक दल को ही यह बताने की जरूरत है कि दान किसे दिया गया है।

इस बीच, भारत में चुनावों की विदेशी फंडिंग भी जारी है। यह विडंबना ही है कि एनजीओ चलाने वाले भारतीयों को विदेशी चंदा प्राप्त करने के लिए कई चक्कर लगाने पड़ते हैं, जबकि हमारे राजनीतिक दलों को कानूनन विदेशी चंदा प्राप्त करने की इजाजत है। आखिर में हम कह सकते हैं कि चुनाव के लिए सरकारी फंडिंग एक ऐसा विचार है, जिस पर गंभीरता से विचार करने का समय आ गया है। यह पश्चिम में पहले से व्यापक रूप से प्रचलित है। मसलन, फ्रांस में राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए सार्वजनिक सब्सिडी 1988 से शुरू की गई थी। इसके साथ ही वहां कॉरपोरेट दान पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। नीदरलैंड में 1970 के दशक से सार्वजनिक सब्सिडी दी जाती रही है। अलबत्ता वहां फंड वितरण पार्टी फाउंडेशन के माध्यम से होता है। इसी तरह, स्वीडन में राजनीतिक दलों के लिए सार्वजनिक सब्सिडी 1965 से मौजूद है। भारत के संबंध में भी यह कोई नया विचार नहीं है। 1990 में चुनाव सुधारों पर दिनेश गोस्वामी समिति ने सिफारिश की कि स्वतंत्र समर्थकों द्वारा चुनावी खर्च को दंडित करते हुए और राजनीतिक दलों को कॉरपोरेट चंदे पर प्रतिबंध लगाते हुए चुनिंदा खर्चों के लिए राज्य वित्त पोषण करे। 1998 से आंशिक राज्य सब्सिडी दी भी गई है। राज्य के स्वामित्व वाले टेलीविजन और रेडियो नेटवर्क पर खाली समय का आवंटन एक ऐसी ही पहल है।

वरुण गांधी

## संपादकीय

### गहराते जा रहे हैं दाग

भारतीय दवा उद्योग की छवि लगातार बिगड़ रही है। भारत दुनिया भर में सस्ती दवाओं का स्रोत रहा है। अगर साख पर उठते सवालों के जवाब जल्द नहीं ढूंढे गए, तो भारत की इस शान में बट्टा लग जाएगा। भारतीय दवा उद्योग गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में भारत में बने कफ सिरफ के दुष्प्रभाव की खबरों से लगे झटके से अभी उबरा नहीं था। इसी बीच अमेरिका से चिंताजनक खबर आई कि अमेरिका में एक भारतीय आईड्रॉप से आठ लोगों की आंखों की रोशनी चली गई और तीन लोगों की जान जा चुकी है। यह दवा चेन्नई स्थित ग्लोबल फार्मा हेल्थकेयर ने एज्रीकेयर आर्टिफिशियल टीयर्स नाम के तहत बनाई थी। अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स ने सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के हवाले से यह खबर दी। सीडीसी ने इस ड्रॉप में दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया होने की संभावना जताई है। सीडीसी चिंतित है कि भारत से आयातित आईड्रॉप्स में मिला दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया अमेरिका में पैर जमा सकता है। यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने कहा है कि संक्रमित आर्टिफिशियल टीयर्स के इस्तेमाल से आंखों में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है, जिससे आंखों की रोशनी जा सकती है या मौत भी हो सकती है। स्यूडोमोनास एरुजिनोसा बैक्टीरिया खून, फेफड़ों या घावों में संक्रमण का कारण बन सकता है। सीडीसी ने 21 मार्च को अपनी वेबसाइट पर लोगों को चेतावनी दी थी कि कोई भी रोगी जिसने एज्रीकेयर के आर्टिफिशियल टीयर्स का इस्तेमाल किया है और उनकी आंखों में संक्रमण के लक्षण हैं, तो उन्हें तत्काल मेडिकल देखभाल की जरूरत है। रिपोर्टों के मुताबिक ग्लोबल फार्मा हेल्थकेयर ने फरवरी में अमेरिकी बाजार के लिए आईड्रॉप्स का उत्पादन बंद कर दिया था।

# सीमा विवादः नाम बदलने से कुछ नहीं बदलेगा, अरुणाचल भारत का हिस्सा है और रहेगा

कुछ दिन पहले चीन ने अरुणाचल प्रदेश के 11 स्थानों के नाम बदलकर उन्हें दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताया, जिसे भारत सरकार ने कठोर शब्दों में नकार दिया है। चीन ने ऐसा तब किया, जब कुछ दिन में ही उसके रक्षामंत्री भारत में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में हिस्सा लेने आने वाले हैं। मई में चीनी विदेश मंत्री भी भारत का दौरा करने वाले हैं। पड़ोसी देशों की जमीन पर कब्जा करने की प्रक्रिया चीन ने 1949 में तब प्रारंभ की, जब वहां कम्युनिस्ट पार्टी का शासन लागू हुआ तथा माओ प्रमुख बने।

जब चीन ने 1950 में तिब्बत पर कब्जा किया, तब वहां की मोइनबा जाति के लोगों ने पलायन कर भारत के अरुणाचल में शरण ली। ये लोग बौद्ध हैं और दलाई लामा को अपना शासक मानते हैं। ऐसे में, जिस भी क्षेत्र में मोइनबा जाति के लोगों ने शरण ली, उसी को चीन ने दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताना शुरू कर दिया। वर्ष 1950 में चीन द्वारा तिब्बत पर कब्जे के लिए उसकी आलोचना पूरे विश्व के गैर कम्युनिस्ट देशों ने की, पर तब भारत के प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उस पर चुप्पी साधकर एक तरह से तिब्बत पर चीनी कब्जे को स्वीकृति प्रदान की। वर्ष 1959 में जब दलाई लामा को लगा कि चीन उन्हें गिरफ्तार कर सकता है, तब उन्होंने भारत में शरण ली। भारत तो चीन के साथ अपने संबंध मजबूत करना चाहता था, पर भारत के प्रति द्वेष की भावना रखने वाला चीन सोचता था कि तिब्बत



यह जानते हुए भी, कि यह 1962 का भारत नहीं है, चीन अरुणाचल में नाम बदलने की हरकत कर रहा है। अरुणाचल भारत का हिस्सा है और रहेगा।

के विद्रोहियों को अमेरिका भारत के रास्ते ही मदद दे रहा है।

दलाई लामा ने भारत में प्रवेश करने के दो दिन बाद ही तिब्बत पर चीन के कब्जे के विरोध में संयुक्त राष्ट्र में प्रस्ताव पेश कर दिया, जहां इस प्रस्ताव पर काफी बहस के बाद उसे बहुमत से पारित कर दिया गया। पर उस कार्यवाही में भारत ने उदासीन रुख ही अपनाया। नेहरू ने लोकसभा में बयान भी दिया कि इस मुद्दे पर भारत दलाई लामा के साथ नहीं है। नेहरू मान बैठे थे कि चीन कभी भारत पर हमला नहीं करेगा। पर शुरू से ही चीन इस सीमा पर आक्रामक कार्रवाई करता रहा।

अक्तूबर, 1962 में चीन ने भारत पर अचानक हमला कर दिया। संसाधनों की कमी, पुराने हथियार और तोपखाने व वायुसेना की मदद उपलब्ध न होने के कारण भारत को बुरी हार का सामना करना पड़ा और चीन ने 38,000 वर्ग किलोमीटर में फैले अक्साई चिन क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। वर्ष 1967 में चीन ने सिक्किम पर कब्जा करने के लिए नाथूला पर हमला किया, पर हमारी सेना ने करारा जवाब देते हुए चीनी सैनिकों को पीछे धकेल दिया। फिर वर्ष 1986 में चीन ने सुमदोरोंग चू घाटी में हेलीपैड बनाने की कोशिश की, पर भारतीय सेना ने जनरल सुंदरजी की कमांड में उसे नाकाम कर चीन को संदेश दिया कि वह भविष्य में इस तरह की हरकत न करे।

1962 की हार के बाद पूरे देश में हार के कारणों का पता लगाने की मांग उठी थी। तब रक्षा मंत्रालय ने सेना के दो वरिष्ठ अधिकारियों-जनरल हैंडरसन और ब्रिगेडियर भगत के नेतृत्व में जांच आयोग का गठन किया था। पर आयोग द्वारा तैयार रिपोर्ट में संवेदनशील तथ्यों के कारण तत्कालीन सरकार ने उसे सार्वजनिक करने से मना कर दिया था, जबकि भाजपा ने रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की थी। पर विडंबना देखिए कि सत्ता में आने पर खुद भाजपा ने उस रिपोर्ट को गोपनीयता के नाम पर सार्वजनिक करने से मना कर दिया!

उसके बाद भारत-चीन के बीच तनाव कम करने के लिए उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडलों की वार्ता शुरू हुई। वर्ष 1996 में आपसी विश्वास बहाली के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें प्रावधान था कि सीमा पर अग्रिम इलाकों में दोनों देशों की सेनाएं बगैर हथियारों के गश्त करेंगी। इसी समझौते के तहत गलवान में भारतीय सैनिक बगैर हथियारों के गए, पर चीनी सैनिक कंटीले तार लगे डंडों के साथ आए।

शिवदान सिंह

## मिला जुला

# आप के राष्ट्रीय दल बनने से केजरीवाल गदगद मिलेंगे ये 5 बड़े फायदे

अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) के लिए बड़ी खुशखबरी है। निर्वाचन आयोग ने 'आप' को अब राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दे दिया है। राष्ट्रीय पार्टी बनने से 'आप' को एक-दो नहीं बल्कि 5 बड़े फायदे मिलेंगे।



**राष्ट्रीय दर्जा मिलने पर ये फायदे**

- दिल्ली में दफ्तर के लिए भूमि मिलेगी
- एक चिह्न पर देश में चुनाव लड़ सकेंगे
- चुनाव प्रचार में स्टार प्रचारकों की संख्या असीमित होगी
- रेडियो और डीडी चैनल पर प्रचार के लिए समय मिलेगा
- आयोग चुनाव संबंधी नीतियां बनाने के लिए दल से विमर्श करेगा

वहीं, चुनाव आयोग ने शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को एक बड़ा झटका देते हुए इनका दर्जा घटाकर क्षेत्रीय पार्टियों का कर दिया है। भाकपा को भी क्षेत्रीय दल का दर्जा दिया गया है। देश में अब भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी समेत 6 राष्ट्रीय दल हैं। आयोग ने कहा कि आप को चार राज्यों दिल्ली, गोवा, पंजाब और गुजरात में चुनावी प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया गया है।

आप दिल्ली और पंजाब में सत्ता में है। अरविंद केजरीवाल ने आप की स्थापना नवंबर 2012 में की थी और इसने 2015 में दिल्ली विधानसभा चुनाव तथा 2022 में पंजाब में शानदार जीत हासिल की। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने %आप% को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलने पर कहा कि इतने कम समय में राष्ट्रीय पार्टी बनना किसी चमत्कार से कम नहीं है। केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा, इतने कम समय में राष्ट्रीय पार्टी? ये किसी चमत्कार से कम नहीं। सबको बहुत बहुत बधाई। देश के करोड़ों लोगों ने हमें यहां तक पहुंचाया। लोगों को हमसे बहुत उम्मीद है। आज लोगों ने हमें ये बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है। हे प्रभु, हमें आशीर्वाद दो कि हम ये जिम्मेदारी अच्छे से पूरी करें।

### इन दलों को लगा बड़ा झटका

*वहीं, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) का राष्ट्रीय दल का दर्जा वापस ले लिया। आयोग के अनुसार, यूपी में रालोद, आंध्र प्रदेश में बीआरएस, मणिपुर में पीडीए, पुडुचेरी में पीएमके, पश्चिम बंगाल में आरएसपी और मिजोरम में एमपीसी को दिया गया राज्य स्तर की पार्टी का दर्जा खत्म कर दिया गया है। आयोग ने कहा, एनसीपी और तृणमूल कांग्रेस को हाल में नगालैंड और मेघालय में हुए चुनावों में प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तर के दल का दर्जा दिया गया है।*

*चुनाव आयोग के अनुसार, देश में अब छह दल- भाजपा, कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा), नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और आप ही राष्ट्रीय पार्टी हैं।*

*नियमों के अनुसार, एक राजनीतिक दल को एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए उसे चार या अधिक राज्यों में एक मान्यता प्राप्त राज्य पार्टी होना चाहिए (या) लोकसभा में 2 प्रतिशत सीटें होनी चाहिए।*

# 'थोपी गई चुप्पी से देश की समस्याएं हल नहीं होंगी'

## सोनिया गांधी के मोदी सरकार पर 5 बड़े वार और इनके मायने

**नई दिल्ली.** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक बार फिर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है. सोनिया ने एक समाचार पत्र में लिखे लेख में मोदी सरकार पर केंद्र की एजेंसियों का दुरुपयोग करने, संसद में विपक्ष की आवाज दबाने, मीडिया पर दबाव बनाने, न्यायपालिका की विश्वसनीयता को कमजोर करने का प्रयास करने का



आरोप लगाया. सोनिया ने अपने लेख में महंगाई, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दे पर भी मोदी सरकार पर हमला बोला है. आईए जानते हैं कि सोनिया ने किन 5 मुद्दों पर मोदी सरकार पर निशाना साधा.

सोनिया ने कहा, थोपी गई चुप्पी से देश की समस्याओं का हल नहीं होगा. सोनिया ने कहा, भारत के लोगों ने यह सीख लिया है कि जब आज की स्थिति को समझने की बात आती है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हरकतें उनके शब्दों से कहीं अधिक जोर से बोलती हैं. सोनिया गांधी ने लिखा, पिछले महीनों में हमने देखा कि प्रधानमंत्री और उनकी सरकार लोकतंत्र के सभी तीन स्तंभों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को व्यवस्थित रूप से ध्वस्त कर रही है. उनके कामों से लोकतंत्र और लोकतांत्रिक जवाबदेही के लिए तिरस्कार का प्रदर्शन होता है.

# पायलट के अनशन के बीच गहलोत दिखा रहे राज्य को नंबर 1 बनाने का सपना

**नई दिल्ली.** राजस्थान में अपनी ही सरकार के ख़िलाफ़ सचिन पायलट का अनशन शुरू हो गया है. कांग्रेस का कहना है कि सचिन पायलट का अनशन पार्टी विरोधी और हितों के ख़िलाफ़ है. हालांकि, सचिन पायलट का ये कदम राजस्थान सरकार के लिए चुनौती साबित हो सकता है, क्योंकि राज्य में करीब 8 महीने बाद चुनाव हैं. एक तरफ जहां सचिन पायलट ने अनशन शुरू कर दिया है. वहीं, दूसरी ओर मुख्यमंत्री अशोक




गहलोत राजस्थान को लेकर अहम योजनाओं का ऐलान करते दिखाई दिए. उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियों हमने तय किया है कि 2030 तक राजस्थान को नंबर वन बनाना है. राज्य में महंगाई राहत कैंप लगाए जाएंगे.

# भारत में इस साल सामान्य रहेगा मॉनसून - मौसम विभाग

**मौसम** विभाग ने कहा है कि इस साल मॉनसून सामान्य रहेगा. इस साल 96 प्रतिशत (+/-5%) मॉनसून रहेगा. इस साल देशभर में 83.7 मिलीमीटर बारिश होगी. जुलाई के आसपास एल-नीनो कंडीशन रह सकती है. मॉनसून के साथ एल-नीनो का सीधा संबंध नहीं रहेगा. प्रशांत महासागर में पेरू के पास सतह का गर्म होना अल नीनो कहलाता है. अल नीनो की वजह से समंदर के तापमान,



वायुमंडल में बदलाव होता है. बदलाव की वजह से समंदर का तापमान 4-5 डिग्री तक बढ़ जाता है. अल नीनो की वजह से पूरी दुनिया के मौसम पर असर पड़ता है. दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान भारत में सामान्य वर्षा होगी. पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में सचिव एम. रविचंद्रन के मुताबिक, प्रायद्वीपीय क्षेत्र, इससे सटे पूर्वी, पूर्वोत्तरी क्षेत्रों के कई हिस्सों में तथा उत्तर पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य बारिश हो सकती है. जितने साल भी अल निनो सक्रिय रहा है, वे मानसून के लिहाज़ से बुरे वर्ष नहीं थे. अल निनो की स्थितियां मानसून के दौरान विकसित हो सकती हैं और मानसून के दूसरे चरण में इसका असर महसूस हो सकता है.

# अब तक 5562 सूकरों का किया जा चुका टीकाकरण

## सूअरों में स्वाइन फिवर रोग से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान 23 मार्च से प्रारंभ होगा

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

सूअरों को स्वाइन फीवर रोग से बचाने हेतु विशेष टीकाकरण अभियान जिले में 23 मार्च 2023 से प्रारंभ किया गया है। जिसमें जशपुर जिले के समस्त विकास खंडों में विशेष दल बनाकर टीकाकरण कार्य संपन्न किया जा रहा है। पशु विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले को 32315 का लक्ष्य प्राप्त है। जिसमें अब तक 5562 सूअर का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वाईन फिवर सूअरों में होने वाला अत्यंत संक्रामक रोग है। जिसमें



पशु को तेज बुखार के साथ त्वचा में गोल-गोल चकत्ते हो जाते हैं। पशु को बार-बार झटका आना, धीरे-धीरे पशु रोग के प्रकोप में आकर शारीरिक रूप से अत्यंत



कमजोर हो जाता है तथा 15 दिवस के अंदर उसकी मृत्यु हो जाती है। जिससे सूकर पालक को आर्थिक नुकसान होता है। उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. एके मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया है कि स्वाइन फीवर रोग का कोई निश्चित उपचार नहीं है। टीकाकरण ही इस बीमारी से बचाव के लिए सर्वोत्तम उपाय है। उन्होंने सभी सूअर पालकों से अपने पशुओं को स्वाइन फीवर टीका लगवाने का आग्रह किया गया है। रोग से ग्रसित हो जाने पर पशुओं को पशु चिकित्सक के परामर्श पर दवा देने के लिए कहा है।

# यातायात नियमों को लेकर लापरवाही पर अब होगी सख्त कार्यवाही

** कलेक्टर सिन्हा ने बनाया जिला स्तरीय टास्क फोर्स * सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों का पालन सभी की जिम्मेदारी-कलेक्टर*

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सड़क सुरक्षा की जागरूकता के लिए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया जा रहा है। उन्होंने समय-सीमा की बैठक के दौरान इस संबंध में दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर सभी संबंधित विभागों को साथ मिलकर काम करना होगा।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि दुर्घटना की रोकथाम के लिए नियमित रूप से दो पहिया, चार पहिया समेत सभी प्रकार के वाहनों की जांच की जाए। बहुत से मामले ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने जैसे कारणों से आते हैं। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि परिवहन, पुलिस, माइनिंग और पर्यावरण विभाग मालवाहक गाड़ियों की जांच करें एवं लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि हाईवे में काफी तेजी से गाड़ियां दौड़ती हैं, इस पर भी नियंत्रण रखा जाय। इन रास्तों पर चलने वाले दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित करें। चार पहिया सवार सीट बेल्ट का उपयोग करें। उन्होंने संबंधित अन्य विभागों को सड़क सुरक्षा की जागरूकता को लेकर काम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने जर्जर स्कूल भवनों के जीर्णोद्धार का काम 15 जून के पहले अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि अपने क्षेत्र के स्कूलों में चल रहे कार्यों की प्राथमिकता से मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा स्कूलों में कमरे हवादार हों, टॉयलेट अच्छा हो तथा बारिश में सीपेज की समस्या नहीं होनी चाहिए। अस्पतालों के उन्नयन कार्य की भी उन्होंने समीक्षा की और कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि आगामी मई माह में पुनः रोजगार मेले का आयोजन करना है, अतः विभाग अभी से तैयारी शुरू कर दें। कलेक्टर सिन्हा ने जल जीवन मिशन के कार्यों के प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा काम धीमा चल रहा है, इसमें जल्द प्रगति लाएं।



## 6 माह से बिना बताए गायब शिक्षकों को करें बर्खास्त, कलेक्टर ने डीईओ को दिए निर्देश

### कोविड को लेकर स्वास्थ्य अमला अलर्ट

कलेक्टर सिन्हा ने पिछले कुछ दिनों में प्रदेश में बढ़े कोविड के मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट पर रहने के लिए कहा है। टेस्टिंग बढ़ाने और अन्य एहतियात बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा अभी मामले ज्यादा गंभीर किस्म के नहीं है, लेकिन विभाग अपनी तैयारी पूरी रखे।

### बिना बताए 6 माह से अधिक समय से अनुपस्थित शिक्षकों को करें बर्खास्त

कलेक्टर सिन्हा ने जिला शिक्षाधिकारी से कहा कि 6 माह से अधिक समय से बिना बताए स्कूलों से गायब शिक्षकों को नोटिस जारी करें और उनका जवाब नहीं मिलने या उपस्थित नहीं होने पर नियमानुसार बर्खास्तगी की कार्यवाही करें। ऐसे लापरवाही में कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

### बेरोजगारी भत्ता के लिए बैंक खाता और भौतिक सत्यापन पर करें फोकस

बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने बेरोजगारी भत्ता के क्रियान्वयन पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जो आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, उनके बैंक खातों को वेरिफाई करवा कर भौतिक सत्यापन करें। उन्होंने कहा ऐसे आवेदन जो पात्रता की श्रेणी में नही आ रहे हैं उन्हें अस्वीकृत करने से पहले क्रॉस वेरिफाई जरूर करें। इसके साथ ही भौतिक सत्यापन की सूचना जो आईडी में प्राप्त हो रही है, उसका आवेदकों को नियमित रूप से जांच करने के लिए जरूर कहें।

### त्रुटिरहित हो सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण

कलेक्टर सिन्हा ने बैठक के दौरान जिले में चल रहे सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल तक सर्वे पूरा करना है। उन्होंने सभी सीईओ जनपदों से कहा कि अब तक की प्रोग्रेस की समीक्षा कर लें। जहां प्रगणक दलों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है तत्काल बढ़ाएं। प्रयास करें कि 25 अप्रैल तक सर्वे पूर्ण हो। ताकि अंतिम सप्ताह में सर्वे से जुड़े अन्य कार्य करने के लिए पर्याप्त समय हो।

## समाचार सार

# कोविड से बचाव की तैयारी को लेकर किया गया मॉकड्रिल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़,।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के दिशा निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन पर रायगढ़ जिले में कोरोना की तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल किया गया। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों की टीम भी भ्रमण कर तैयारियों का परीक्षण किया। जिला अस्पताल सहित समस्त सी.एचसी, पीएच.सी में मॉक ड्रिल किया गया। इसके अंतर्गत विविध प्रकार के जीवन रक्षक मेडिकल उपकरणों को शुरू कर उनकी क्रियाशीलता जांची गयी एवं दवाईयों की उपलब्धता की समीक्षा की गई। कोविड को लेकर स्वास्थ्य विभाग की तैयारी पूरी है तथा हर तरह से निगरानी बरती जा रही है। लोगों द्वारा मास्क, सेनेटायजर, सोशल डिस्टेंस का भी प्रयोग किया जाना आवश्यक है। जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज मे कोविड सैंपल हेतु आरटीपीसीआर टेस्ट किया जायेगा। समस्त विकासखंड के सीएचसी व पीएचसी में एंटीजन टेस्ट की सुविधा लोगों को दी जायेगी। पीपीकिट पर्याप्त मात्रा में स्टॉक है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसामान्य से अपील की गई है कि कोविड के लिये सर्तकता बरतने में शासन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश का पालन करने में सहयोग प्रदान करें।

# आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम ने किया मॉकड्रिल

कलेक्टर व एसपी के दिशा-निर्देश में जवानों ने पुलिस लाईन उर्दना में किया अभ्यास

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़,।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा एवं पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देश पर जिले में आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम ने आज पुलिस लाईन उर्दना में मॉकड्रिल किया। एडिशनल एसपी संजय महादेवा के नेतृत्व में पुलिस की टुकड़ी ने आकस्मिक परिस्थिति में भीड़ को तितर-बितर करने से लेकर इमरजेंसी जैसे हालात में मोर्चा संभालने का अभ्यास किया।



इस दौरान छठवीं बटालियन की उपसेनानी सुरेशा चौबे, प्रशिक्षु आईपीएस उदित पुष्कर, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा उपस्थित रहे। मॉकड्रिल में प्रदर्शनकारियों से निपटने के तरीकों का अभ्यास जवानों द्वारा किया गया। हेलमेट, बाडी गार्ड, ऐल्बो गार्ड, शील्ड, लाठी जैसे सुरक्षा उपकरणों से लैस पुलिस जवानों के द्वारा प्रदर्शनकारियों की भीड़ से निपटने की निर्धारित ड्रिल चरणबद्ध तरीके से किया गया। जिसमें पहले बात कर समझाईश देने तथा नही मानने पर अंतिम चेतावनी देने के बाद कार्यवाही का अभ्यास किया गया। इसमें अभ्यास के दौरान समस्त बल को टीयर स्मोक पार्टी, केन पार्टी, लाठी पार्टी, शस्त्र पार्टी, रिजर्व पार्टी में बांटकर सूचना संकलन टीम, वार्तालाप टीम, मेडिकल टीम व बलवा टीम के रूप में विभक्त किया गया। अभ्यास के दौरान सर्वप्रथम प्रदर्शन कारियों को वार्तालाप टीम द्वारा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की टीम द्वारा समझाईश दी गई। समझाईश नहीं मानने पर तीन बार चेतावनी दी गई, जिसके पश्चात बल प्रयोग करने का आदेश दिया गया। भीड़ को तितर-बितर करने टीयर गैस (अश्रु गैस)भी छोड़ा गया तथा आवाजी कारतूस भी फायर कराया गया।

इस दौरान कैजुल्टी होने पर मेडिकल रेस्क्यु करते हुए कार्यवाही कैसे जारी रखनी है इसका भी अभ्यास किया गया। साथ ही इस पूरे प्रक्रिया के दौरान रखी जाने वाली सभी सावधानियों से भी जवानों को अवगत कराया गया। एडिशनल एसपी संजय महादेवा ने बताया कि यह मॉकड्रिल जिले में किसी भी प्रकार की आकस्मिक परिस्थिति उत्पन्न होती है तो उससे निपटने की तैयारियों को परखने के लिए किया गया है। इसमें चरणबद्ध तरीके से भीड़ को तितर-बितर करने तथा प्रदर्शनकारियों से निपटने का अभ्यास किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसा ड्रिल आगे भी किया जाता रहेगा। जिससे जवान ऐसी किसी इमरजेंसी के हालात से निपटने के लिए मुस्तैद रहे। इस दौरान सहायक सेनानी एरमन खलखो, सहायक सेनानी सुरेश लकड़ा, सहायक सेनानी कुंजराम चौहान, प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर अक्षा गुप्ता, तहसीलदार रायगढ़ लोमस मिरी, नायब तहसीलदार प्रकाश पटेल एवं तृप्ति चंद्राकर, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे, निरीक्षक प्रशांत राव, निरीक्षक रामकिंकर यादव, निरीक्षक सुंदर लाल बांधे सहित पुलिस विभाग के अधिकारी व जवान मौजूद रहे।





# गौठानों में गोबर खरीदी व वर्मी कम्पोस्ट निर्माण में लाए तेजी-कलेक्टर

* कलेक्टर ने कहा गोधन न्याय योजना में लापरवाही पर होगी कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए सभी जनपद सीईओ की बैठक ली। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहीं लापरवाही मिलती है तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा उपस्थित रहे। कलेक्टर सिन्हा ने विकासखंडवार गौठानो में गोबर खरीदी और वर्मी कंपोस्ट विक्रय की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कुछ विकासखंड में खरीदी अच्छी हो रही है लेकिन धरमजयगढ़, तमनार, लैलूंगा में खरीदी बढ़ाने की आवश्यकता है।





## धरमजयगढ़ ब्लॉक में योजना की धीमी प्रगति पर संबंधित अधिकारियों को शो काज नोटिस जारी

उन्होंने धरमजयगढ़ विकासखण्ड में योजना की धीमी प्रगति को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को शो काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कृषि विभाग के अमले को इसके लिए फील्ड स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्मी कंपोस्ट निर्माण कृषि विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं चलेगी। उप संचालक कृषि को सभी आरएईओ को गौठानों की फील्ड मॉनिटरिंग करने के लिए कहा। इसके साथ ही पशु पालन विभाग के अमले को भी इस कार्य में संलग्न करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि सभी गौठान सक्रिय हो तथा वहां नियमित रूप से खरीदी हो। नहीं तो कृषि और पशुपालन विभाग के संबंधित नोडल अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही होगी। इसके साथ ही कलेक्टर सिन्हा ने वर्मी कंपोस्ट निर्माण की समीक्षा की। उन्होंने खरीदे गए गोबर के मुकाबले कन्वर्शन रेशियों में सुधार लाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गो मूत्र खरीदी की भी समीक्षा की और इसमें बढ़ोत्तरी करने के लिए उप संचालक पशुपालन को निर्देशित किया।

### स्वावलंबी गौठानों की संख्या बढ़ाएं

*कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में कहा कि जिले में स्वावलंबी गौठान की संख्या बढ़ानी है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। गोबर खरीदी, वर्मी कंपोस्ट निर्माण और उसकी बिक्री तक सारे कार्य सुचारू रुप से होना चाहिए। जिससे गौठानों की आय में वृद्धि हो और वे स्वावलंबी बन सके।*

# भाजयुमो ने फूंका मुख्यमंत्री व गृहमंत्री का पुतला

प्रदेश में बढ़ते आतंक के संरक्षक है काग्रेस-रविंद्र भारती

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रविन्द्र भारती के नेतृत्व में बेमेतरा जिले के साजा विरानपुर में हुए भुनेश्वर साहू के हत्या को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू का पुतला दहन अग्रसेन चौक पर किया गया। गौरतलब है की पुतला दहन के कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन और आक्रोशित भाजयुमो कार्यकर्ता के बीच जमकर झूमा झपटी हुई। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविंद्र भारती ने प्रदेश सरकार को दोषी ठहराते हुए कहा छत्तीसगढ़ प्रदेश का बेटा भुनेश्वर साहू की हत्या जिस प्रकार से पत्थरबाजी और आतंक का उदाहरण बना है इससे ऐसा प्रतीत होता है कि छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल ने आतंकी संरक्षण जारी रखा है गुंडागर्दी चरम सीमा पर है भुनेश्वर साहू के परिवार से मिलने जा रहे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के साथ पूरी टीम को 3 किलोमीटर पहले ही पुलिस विभाग द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। सांत्वना देने और दुख में शामिल होने जा रहे भाजपा के कार्यकर्ताओं के गिरफ्तारी और भूपेश बघेल के आतंकी संरक्षण के विरोध में जिला मुख्यालय में पुतला दहन का कार्यक्रम युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया है छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार की स्थिति निरंतर ऐसी रहती है तो प्रदेश भर का युवा जागृत है और आने वाले समय में इनकी कुर्सी को उखाड़ फेंकने को तैयार है जिला अध्यक्ष भारती ने सारे कार्यकर्ताओं को सफल कार्यक्रम की बधाई देते हुए आगे भी इसी प्रकार भूपेश बघेल के खिलाफ मोर्चा खोलने का आग्रह किया है।





# ताईक्कांडो चैम्पियनशीप के लिए युवा खिलाड़ी को मिला सहारा

पीआरए ग्रुप के डायरेक्टर राहुल अग्रवाल ने बढ़ाये मदद के हाथ

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय के द्वारा आयोजित 14 से 17 अप्रैल तक राष्ट्रीय ताईक्कांडो चैम्पियनशीप के लिए चयनित जिले के प्रतिभावान खिलाड़ी के सामने आर्थिक समस्या के बीच युवा समाज सेवी राहुल अग्रवाल ने आर्थिक मदद कर राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए युवा को दिल्ली रवान किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तेलसरा के मुकेश कुमार विगत चार वर्षों से कई संभाग व प्रदेश स्तरीय स्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन कर जिले में ताईक्कांडो खेल के नये उभरते खिलाड़ी हैं। इसके पूर्व राष्ट्रीय स्पर्धा उज्जैन में भी क्षेत्र के युवा ने सीमित संसाधनों में बेहतर प्रदर्शन किया था। इस बार फिर इंदिरा गांधी स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेने के लिए आर्थिक समस्या से जूझ रहे युवा को समाजसेवी राहुल अग्रवाल का सहारा मिला। एल्डरमैन व पीआरए ग्रुप के राहुल अग्रवाल के पास पहुंचे मुकेश ने बताया कि यूनिट ऑफ़ छत्तीसगढ़ से उसका चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए हुआ है। ताईक्कांडो की नेशनल चैम्पियनशीप में जाने व वहां की फीस व अन्य खर्चों की दिक्कत उसके सामने आ रही है। जिस पर त्वरित पहल करते हुए राहुल अग्रवाल ने युवा खिलाड़ी मुकेश की आर्थिक मदद करते हुए दिल्ली आने-जाने व राष्ट्रीय स्पर्धा की फीस की व्यवस्था स्वयं करते हुए युवक को राष्ट्रीय चैम्पियनशीप में शुभकामनाओं और बेहतर प्रदर्शन के साथ भेजा है। सूरजपुर के शासकीय बालक उमावि में विज्ञान संकाय से परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले युवा मुकेश ताईक्कांडो खेल में जी जान से जुटे हैं और बहुत ही कम और सीमित संसाधनों के बीच बिना किसी कुशल प्रशिक्षण के पूर्व में भी राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयनित हो चुके हैं। इस मामले में राहुल अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ी जब भी उनके पास किसी समस्या को लेकर आते हैं तो वे हर संभव प्रयास कर उनकी मदद करने की पहल करते हैं।



# जिला मुख्यालय कोरबा में सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया गया

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

20 वां राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कोरबा में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक रंजन नायक द्वारा सर्वप्रथम संस्थागत परिचय एवं कार्यक्रम के उदेश्यों के बारे में बताते हुए सुरक्षित मातृत्व दिवस पर कहा कि वैश्विक स्तर पर महिलाओं की हर दिन गर्भावस्था और प्रसव से संबंधित रोके जा सकने वाले कारणों से मृत्यु हो जाती है। मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रमों और सेवाओं में महिलाओं को उनके अधिकारों और मातृ स्वास्थ्य अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर मांग पैदा करके बेहतर बनाया जा सकता है। सुरक्षित मातृत्व के लिए व्हाइट रिबन,लायंस, भारत एक गैर पक्षपातपूर्ण और गैर.लाभकारी मातृ स्वास्थ्य संगठनों का गठबंधन और अधिवक्ता मातृ मृत्यु को कम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



महिलाओं की गर्भावस्था में मृत्यु को कम करने एवं मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत व गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में सेंटर फ ॉर कैटेलाईजिंग चेंज और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सुरक्षित मातृत्व दिवस को मनाना एक सकारात्मक पहल है। उक्त कार्यक्रम में जिला आरएमएनसीएचए सलाहकार डॉ.हर्षा ताम्रकार ने सुरक्षित मातृत्व दिवस पर कहा कि जमीनी स्तर पर मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य में सुधार के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है जिससे गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य जांच और सुरक्षा के साथ गुणवत्तायुक्त सुरक्षित एएनसीए पीएनसी के द्वारा माताओं और बच्चो को सुरक्षित किया जा सके। इसी क्रम में डॉक्टर आदित्य सिसोदिया प्रोफेसर शासकीय मेडिकल कॉलेज कोरबा ने महिला केन्द्रित स्वास्थ्य देखभाल विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि यह एक सामाजिक इंडिकेटर है जिसे सामुदायिक और फैसिलिटी स्तर पर मिलने वाली सुविधाओ को बढ़ावा देने के साथ ही कम किया जा सकता है। इस विषय पर इन्होने तीन महत्वपूर्ण बाते रखी जिसमे साथ ही इन्होंने संस्थागत प्रसव, सामान्य प्रसव, सी सेक्शन के फ ायदे और नुकसान की जानकारी समुदाय स्तर पर बढ़ाने और आगे इस दिशा ममें सकारात्मक प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया जिससे आने वाले वर्षो में बदलाव लाया जा सके। जिला स्वास्थ्य अधिकारी सी के सिंग ने सुरक्षित मातृत्व स्वास्थ्य देखभाल पर बताया कि किसी भी गर्भवती महिला के पंजीयन से लेकर नियमित प्रसव पूर्व जांच, गर्भ जांच, लैब जांच और प्रसव के बाद तक की पूरी प्रक्रिया पर समुदाय स्तर पर क्षमता वर्धन करने साथ ही गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ सेवाओ की पहुच बढ़ाना चाहिये होगा । इस मौके पर सुरक्षित मातृत्व आश्वाशन सुमन कार्यक्रम के उदेश्य सेवाओ और सुविधाओ पर संक्षिप्त जानकारी दिया गया । कार्यक्रम के अंत में समुदाय स्तर पर बदलाव , उपलब्धियों पर सभी ब्लाक से आये हितधारको ने अपनी प्रतिक्रिया साझा किया कार्यक्रम में कोरबा जिले के सभी ब्लाक अंतर्गत मास्टर ट्रेनर्स, मितानिन, सरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधि, उपस्थित थे साथ ही सी3 इंडिया के कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक रंजन नायक, जिला समन्वयक वीर द्रवीन कुमार, कोरबा जिले के सभी ब्लाक के ब्लाक समन्वयक संध्या सिंह, रेनू जायसवाल, सुदेश कुम्भकार, तिलेश्वरी साहू एवं एरिया समन्वयक विकेश जायसवाल, राजेंद्र पटेल, अनुसुईया संदिल्य, विनोद तिवारी, गिरधारी पटेल, चुरामन देवांगन का विशेष सहयोग रहा। अंत में जिला समन्वयक वीर द्रवीन कुमार जी ने समस्त अतिथियों का आभार एवं कार्यक्रम के समापन की घोषणा किया।



# अमृत सरोवर बना सोनहत का नर्सरी तालाब, 200 से ज्यादा परिवारों को मिल रहा लाभ

अमृत सरोवर मिशन में प्रथम चरण के तहत महात्मा गांधी नरेगा से गत वर्ष स्वीकृत हुआ कार्य

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

कोरिया जिले के अंतर्गत वनांचल जनपद पंचायत सोनहत के ग्राम मुख्यालय में स्थित नर्सरी तालाब अब अमृत सरोवर के तौर पर अलग पहचान बना रहा है। पूरे एक एकड़ में विस्तृत इस तालाब को भारत सरकार के अमृत सरोवर मिशन के तहत चयनित कर उन्नयन कार्य कराया गया है।





कार्य पूरा होने के बाद पानी से भरे लबालब तालाब का आस पास के लगभग दो सौ परिवार सीधा लाभ ले रहे हैं और साथ ही उनके दैनिक जीवन निस्तार, पालतू पषुओं के पेयजल के साथ ही लगभग 16 एकड़ भूमि में गेंहू की फसल भी पककर तैयार हो रही है। इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी,नम्रता जैन ने बताया कि परंपरागत जलस्रोत के तौर पर अपनी अलग अहमियत रखने वाले तालाबों के निर्माण व उन्नयन कार्य मिशन अमृत सरोवर के तहत कोरिया एवं एमसीबी जिले में कराए जा रहे हैं। इनके सफल परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में कोरिया एवं एमसीबी जिले के अंतर्गत पांच जनपद पंचायतों में पहले चरण के तहत कुल 75 अमृत सरोवर निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं और अमृत सरोवर मिशन के द्वितीय चरण में पांचों जनपद पंचायतों में अतिरिक्त 75 अमृत सरोवर निर्माण व उन्नयन कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिला पंचायत सीइओ ने आगे बताया कि सोनहत मुख्यालय ग्राम पंचायत में स्थित नर्सरी तालाब जो एक एकड़ बीस डिसमिल क्षेत्र में फैला हुआ है उसको अमृत सरोवर मिशन के तहत चिन्हित किया गया और प्रथम चरण के तहत कुल 9 लाख 64 हजार रूपए की प्रषासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। ग्राम पंचायत सोनहत को इस कार्य के लिए एजेंसी बनाया गया था। ग्राम पंचायत द्वारा समय सीमा में उक्त कार्य को पूरा कराया गया। जिसमें नर्सरी तालाब का गहरीकरण और उसके किनारे पर सार्वजनिक उपयोग के लिए एक निर्मला घाट निर्मित कराया गया। ग्राम पंचायत के सरपंच पवन साय पण्डो ने बताया कि नर्सरी तालाब लंबे समय से गाद से पट रहा था और इसके गहरीकरण की जरूरत थी साथ ही आस पास बहुत खरपतवार हो जाने से यह देखने में भी अच्छा नहीं लग रहा था। अमृत सरोवर मिशन के तहत जब तालाबों के उन्नयन के लिए अभियान चलने की सूचना प्राप्त हुई तो ग्राम पंचायत सोनहत की ग्राम सभा में नर्सरी तालाब के उन्नयन के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। ग्राम सभा के प्रस्ताव के आधार पर इस तालाब के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए सफाई और एक घाट बनाए जाने का कार्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत स्वीकृत हुआ। कार्य पूरा हो जाने के बाद अब यह तालाब सुंदर और उपयोगी हो चुका है। निर्मला घाट बन जाने से महिलाओं बच्चों के लिए दैनिक उपयोग करने में आसानी होने लगी है और गहरीकरण बरसात के पहले ही पूरा हो गया था तो इस तालाब में भरपूर पानी आ गया है। अमृत सरोवर बन चुके तालाब से आस पास के दर्जन भर से ज्यादा किसानों ने समय पर धान की फसल ली और साथ ही गेंहू की भी फसल लगभग 16 एकड़ क्षेत्र में लगाई गई है। ग्राम पंचायत ने इस तालाब को मछली पालन के लिए भी महिला समूह को पटटे पर दे दिया है। अमृत सरोवर के रूप में इस तालाब का अब ग्राम वासी भरपूर लाभ ले रहे हैं।

## समाचार सार

### वरिष्ठ पत्रकार हरिओम अग्रवाल का निधन

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर-चाम्पा।



शहर के प्रतिष्ठित नागरिक व वरिष्ठ पत्रकार हरिओम अग्रवाल का 75 वर्ष की आयु में आज निधन हो गया। वे मृदुभाषी व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। विगत कुछ माह से वे अस्वस्थ चल रहे थे। वे पत्रकार त्रिलोक अग्रवाल के चाचा एवं जवाहर जाल नेहरू महाविद्यालय नवागढ़ के संचालक विनोद अग्रवाल व प्रमोद अग्रवाल के पिता थे। इनकी अंतिम यात्रा में शहर के गणमान्य नागरिक व पत्रकार गण काफी संख्या में उपस्थित थे। उन्हें अंतिम विदाई नैला स्थित मुक्तिधाम में दी गई। वेअपने पीछे भरा-पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गये हैं।

### कलेक्टर एसपी ने जिले में कानून व्यवस्था की समीक्षा की

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




कलेक्टर विनय कुमार लंगेह तथा पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में जिले में कानून व्यवस्था के लिए राजस्व तथा पुलिस विभाग की संयुक्त बैठक आहूत की। बैठक में कलेक्टर लंगेह ने सूचना तंत्र मजबूत कर किसी प्रकार की अप्रिय घटना के सम्बन्ध में सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले में ऐसे स्थानों का चिन्हांकित करें जहां इस प्रकार की घटना होने की आशंका है तथा असामाजिक तत्वों की सूची तैयार करें। किसी भी प्रकार के अफ़्वाहों का त्वरित खण्डन कर फैलने से रोकें ताकि लोगों तक सही सूचना पहुंचे। बैठक में पुलिस अधीक्षक बंसल ने जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन की समय-समय पर संयुक्त बैठक आयोजित कर अपने.अपने क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सतर्क रहने कहा। इसके साथ ही उन्होंने नियमित रूप से रात्रिकालीन गश्त किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित कुमार, एसडीएम बैकुण्ठपुर अंकिता सोम, एसडीएम सोनहत अमित सिन्हा सहित जिला तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

### गृह मंन्त्री का ग्राम खम्हरिया में सम्मान हुआ


**दुर्ग** । दुर्ग ब्लाक के ग्राम खम्हरिया में ग्रामीण स्तरीय माँ कर्मा जयन्ती का आयोजन किया गया।जिसमें समाज की ओर से कार्यक्रम के मुख्यअतिथि गृह मंन्त्री ताम्रध्वज साहू का सम्मान श्रीफल व प्रतिक चिन्ह भेंट कर किया गया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से खिलावन साहू, लोकनाथ साहू, दयाराम साहू, वामन साहू, द्वारिका साहू, सुमंत साहू सहित समाज की महिलाये व ग्रामीण जन उपस्थित थी।

# उदार वादी परिवर्तन वादी विचारक रहे महात्मा ज्योतिबा- ओपी चौधरी

पर ओपी चौधरी ने महात्मा के योगदान का स्मरण किया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने महात्मा ज्योतिबा फुले को महान विचारक बताते हुए कहा समाज उनके योगदान को कभी भूल नही सकता। समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े लोगो को मुख्यधारा में लाने उनका जीवन समर्पित रहा । महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्म 11 अप्रेल 1827 को महाराष्ट्र पुणे के खानवाडी में हुआ था पिता गोविन्द राव माता चिमना बाई के बेटे महात्मा ज्योतिबा फुले जब एक साल के थे तब उनकी माताजी का निधन हो गया था जिसके चलते उनकी परवरिश एक बाई द्वारा हुई। ज्योतिबा ने अपनी आरम्भिक शिक्षा मराठी भाषा में प्राप्त की तथा घरेलू विकट परिस्थितियों के चलते इन्हें बीच में ही स्कूल छोड़नी पड़ी तथा 21 साल की उमरह में इनका रुझान एक बार फिर शिक्षा की और प्रवृत हुआ और बड़े होने के बाद 7 वीं क्लाश अंग्रेजी में पास की. वर्ष 1840 में फुले का विवाह सावित्री बाई फुले के साथ सम्पन्न हुआ ।जो एक समाज सेविका बनी तथा फुले दम्पति ने दलितों तथा स्त्रियों के लिए शिक्षा की दिशा में विशेष कार्य किये ।उन्होंने 1873 में सत्यशोधक समाज की स्थापना की. जिसका मुख्य उद्देश्य यह था कि निचले वर्ग से भी नेतृत्व करने वाले लोग आगे आने का प्रयास करे तथा औरतों व छोटी जातियों के बीच शिक्षा का विस्तार उचित तरीके से किया जा सके ।फुले दम्पति ने महिलाओं तथा बालिकाओं के उद्धार के लिए महत्वपूर्ण कार्य किये. वर्ष 1848 में ज्योतिबा फुले ने महिलाओं को शिक्षा देने के उद्देश्य से बालिका स्कूल की स्थापना की जिसमें स्वयं सावित्री बाई पढाती हैं. उस समय भारत में महिला शिक्षा का यह एकमात्र विद्यालय था. फुले ने आर्थिक रूप से पिछड़े कृषक समुदाय के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किये। उनकी भलाई के कार्यों में सबसे बड़ा रोड़ा सामाजिक विरोध था।. जो उनके हरेक कार्य में अडचन पैदा करने के अवसर खोजते रहे. समाज का उच्च वर्ग फुले का धुर विरोधी बन गया तथा उनके माँ बाप पर दवाब बनाकर फुले को घर से निकलवा दिया. समाज से इतने अपयश के बाद भी वे अपने इरादों में कोई बदलाव नहीं लाए तथा थोड़े समय विराम पड़े अपने कर्म को तीन नयें विद्यालय खोलकर पुनः आरम्भ कर दिया। एक आमूल परिवर्तनवादी व उदारवादी विचारक महात्मा फूले ने प्राथमिक शिक्षा मिशन स्कूल में प्राप्त की. उन्होंने नीचले स्तर की जातियों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने हेतु अहम भूमिका निभाई. उन्होंने सार्वजनिक सत्यधर्म पुस्तक की रचना कर सभी लोगों के लिए समानता की भावना को प्रोत्साहन दिया तथा सभी के लिए एक समान अवसर व न्याय के लिए आह्वान किया. लेकिन उन्होंने ब्रिटिश प्रशासन द्वारा किये जा रहे बहुत से अन्यायपूर्ण कार्यों की जमकर निंदा की।



# 23 वर्षीय भुनेश्वर साहू की हत्या के बाद समूचे छत्तीसगढ़ में तनाव की स्थिति देखने को मिली

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




ग्राम पंचायत नारायणपुर क्षेत्र के अंचल में बेमेतरा जिले के घटना के विरोध में बंद का असर देखने को मिला। जहां ग्राम बिनरपुर में 23 वर्षीय भुनेश्वर साहू की एक विशेष समुदाय द्वारा हत्या कर दी गईए जिसके बाद समूचे छत्तीसगढ़ में तनाव की स्थिति देखने को मिलीं। ग्राम बेमेतरा जिले के बिरनपुर में घटित घटना के बाद गांव पूरी तरीके से छावनी में तब्दील हो गया है। इसके चलते विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ व कई अन्य धार्मिक दलों के आव्हान पर 10 अप्रैल को छत्तीसगढ़ बंद रहा। जहां अंचल में विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने मामले की गंभीरता को समझते हुए, अंचल में रैली निकालकर तमाम दुकानों को जो खुली थी उन्हें बंद कराया गया बता दें कि रैली में भाजपा के कार्यकर्ता भी मौजूद रहेए जो सड़क पर उतरकर भुनेश्वर साहू की निर्मम हत्या का भरपूर विरोध करते हुए दिखे और दुकानों को बंद कराया गया। ग्राम नारायणपुर मारो. संबलपुर, पुटपूरा, नांदघाट टेमरी, सहित दुकानों को बंद रखने की अपील की, जिसके मद्देनजर सभी दुकाने बंद रहीं, इस अभियान को सफल बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद् व बजरंग दल के लोगों ने आगे आकर शांतिपूर्ण ढंग से बंद कराया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों ने भी भरपूर सहयोग किया। वहीं ग्राम पंचायत नारायणपुर में सोमवार को नवगठित नांदघाट तहसील साहू संघ का शपथ ग्रहण समारोह गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के मुख्य अतिथि में रखा गया था। इसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव सहित समाज के दिग्गज लोग शामिल होने वाले थे पर बिरनरपुर में साहू समाज के युवक की हत्या से प्रदेश भर में लोगों के आक्रोश एवं स्थिति को देखते हुएं आयोजन को टाल दिया गया और मृतक भुनेश्वर साहू को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिवारों के साथ खड़े होने का संकल्प लिया गया, इस दौरान समारोह के कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया।

# शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिवों ने निकाली बाइक रैली

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़

अपनी 1 सूत्रीय मांग को लेकर जिले भर के पंचायत सचिव बीते 16 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। पंचायत सचिवों ने शहर में बाइक रैली निकालकर शासकीयकरण की मांग को दोहराया है।



साथ ही मांगें पूरी नहीं होने तक आंदोलन किए जाने की बात कही है। इस दौरान बड़ी संख्या में पंचायत सचिव मौजूद रहे। पंचायत सचिवों ने निकाली बाइक रैली पंचायत सचिव, दो साल के प्रोबेशन पीरियड के बाद से शासकीयकरण की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के समस्त पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल के दौरान वे कई माध्यम से सरकार तक वो अपनी बात पहुंचाने की कोशिश कर चुके हैं। इसी कड़ी में पंचायत सचिवों द्वारा नवरात्र में सद्बुद्धि यज्ञ किया गया था। इस बार पंचायत सचिवों ने मंगलवार को शहर में बाइक रैली निकालकर अपनी आवाज बुलंद की शासकीयकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन पंचायत सचिव संघ के जिला अध्यक्ष बलभद्र पटेल ने बताया कि 16 मार्च से हम अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे हैं।

हमारी एक सूत्रीय मांग है। 2 वर्ष के प्रोबेशन पीरियड के बाद शासकीयकरण किया जाए। हमारी मांगें पूरी नहीं होने पर यह बाइक रैली निकाली गई है। पंचायत सचिवों की ड्यूटी करीब 29 विभागों में लगती है। करीब 200 से अधिक तरह के कार्य के ये लोग करते हैं। पंचायत सचिवों का कहना है किए जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती है। यह आंदोलन जारी रहेगा इस कड़ी में यह भी बताया गया कि अगर हमारी मांगे पूरी नही हुई जो मांगे जायज है अगर पूरी नही हुई तो सभी सचिव आत्मदाह करने के लिए निर्णय लेंगे जिसकी जवाबदेही सरकार की होगी।




छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के सर्वे कार्य की हुई समीक्षा

# कार्य में लापरवाही पाए जाने पर सम्बन्धितों पर होगी कार्रवाई

राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का पात्र हितग्राहियों को मिले लाभ-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आहूत की गई। कलेक्टर लंगेह ने जिले में छत्तीसगढ़ सामाजिक.आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के सर्वे कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण कार्य नियमित रूप से चलता रहे। सभी अधिकारी सर्वेक्षण में पीछे ग्राम पंचायतों का चयन कर कार्य मे प्रगति लाएं। उन्होनें कहा कि सर्वे कार्य में गम्भीरता लाएं, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। जिला स्तरीय अधिकारी फील्ड में जाकर स्वयं सर्वेक्षण की मॉनिटरिंग करें। सर्वेक्षण में कार्य ना करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। उनकी सूची जल्द उपलब्ध कराएं। उन्होंने बेरोजगारी भत्ता के लिए पंजीकृत हितग्राहियों तथा उनके दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर लंगेह ने कहा कि राज्य शासन की महत्वाकांक्षी राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का विस्तार कर अब नगरीय क्षेत्रों में भी शुरू किया गया है। इस हेतु सभी सीएमओ हितग्राहियों का पंजीयन कराकर उन्हें लाभ दिलाएं। इस दौरान उन्होंने शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं और कार्यक्रमों पर प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए गोबर खरीदी की जानकारी ली। उन्होने कहा कि सभी विभाग वर्मी कम्पोस्ट उठाव में तेजी लाएं तथा भुगतान सुनिश्चित करें। सभी जनपद सीईओ गौठान समिति की बैठक लेकर जानकारी अपडेट करें। उन्होंने कहा कि गोमूत्र से जैविक कीटनाशक निर्माण में समूह की महिलाओं के साथ निर्माण में रुचि रखने वाले किसानों का चयन करें तथा खरीदी हेतु भी किसानों को प्रोत्साहित करें। इस दौरान कलेक्टर ने जिले में अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य में प्रगति की समीक्षा की तथा जल्द से जल्द कार्य पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित विभागों को गोबर पेंट का उठाव कराकर उपयोग में लाने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों में गोबर पेंट का उपयोग सुनिश्चित करें। कलेक्टर लंगेह ने बैठक में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क योजना के तहत गतिविधियों के संचालन की समीक्षा की।



मुआवजा वितरण की स्थिति ठीक नहीं,जब पैसा है तो बंटना चाहिए -

# संजीव झा कलेक्टर ने भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों को निराकरण के दिए निर्देश

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की समीक्षा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



कलेक्टर संजीव कुमार झा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज समय सीमा की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग अंतर्गत भू-अर्जन के प्रकरणों में लंबित मुआवजा पर समीक्षा करते हुए कहा कि मुआवजा वितरण की स्थिति ठीक नहीं है। भूमि अधिग्रहण के पश्चात मुआवजा क्यों नहीं बांटा गया है और जब पैसा है तो समय पर बंट जाना चाहिए। उन्होंने जल संसाधन, पीडब्ल्यूडी के ईई और एसडीएम सहित संबंधित अधिकारियों को समन्वय बनाकर मुआवजा वितरण के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर झा ने समय-सीमा की बैठक में विभागों को निर्देशित किया कि लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत ई.कुबेर में अपना पंजीयन कराएं और मुआवजा संबंधी प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में वन अधिकार पत्र एफ आरए, की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएमए जनपद सीईओं को इसमें प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी को सड़क निर्माण से प्रभावित व्यावसायियों को मुआवजा प्रकरण तैयार करने के दौरान स्थल पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होनें जिले के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल मड़वारानी, मातिनदाई, चैतुरगढ़ में विद्युत और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारी को उक्त स्थानों में क्षमता वाले ट्रांसफ र्मर लगाने और पीएचई को पेयजल के लिए स्टोरेज की व्यवस्था करने निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर झा ने जिले में खाद भण्डारण, अग्रिम उठाव, वर्मी कम्पोस्ट का वितरण की समीक्षा करते हुए उपसंचालक कृषि और नोडल अधिकारी सहकारी बैंक को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में विभाग के स्थानीय कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को ऋण पुस्तिका सत्यापन समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी गौठानों में गोबर की खरीदी सुचारू रूप से की जाए। कलेक्टर ने स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

### आधार से जोड़कर डीबीटी भुगतान को प्राथमिकता दें

*कलेक्टर झा ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारी और सभी जनपद सीईओं को निर्देशित किया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को उनके खाते में राशि प्रदान की जाए। उन्होंने पेंशन भुगतान के लिए हितग्राहियों के आधार सीडिंग करनेए नगद भुगतान की संख्या कम करने के निर्देश देते हुए सभी जनपद सीईओं को अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर डीएफओ अरविंद पीएम, सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर, अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटल, प्रदीप साहू, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पांडेय सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।*

## डायना पेंटी की अमिताभ अभिनीत फिल्म सेक्शन 84 में एंट्री



अभिनेत्री डायना पेंटी को पिछली बार अक्षय कुमार के साथ फिल्म सेल्फी में देखा गया था। हालांकि, उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। भले ही फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया, लेकिन इससे डायना की लोकप्रियता प्रभावित नहीं हुई। यही वजह है कि अब एक और बड़ी फिल्म उनके हाथ लग गई है। डायना जल्द ही अमिताभ बच्चन की फिल्म सेक्शन 84 में नजर आएंगी। आइए जानते हैं उन्होंने इससे जुड़कर क्या कुछ कहा। जाने-माने फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने यह जानकारी दे दी है।



## रिवीलिंग ड्रेस में मौनी रॉय ने दिखाई सेक्सी अदाएं

### हुस्न से ढा दी ऐसी कयामत देखते रह गए लोग

बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। एक्ट्रेस ना सिर्फ अपने एक्टिंग स्किल्स बल्कि अपने ग्लैमरस लुक्स के लिए भी जानी जाती हैं। बता दें कि बीती रात एक 'स्टाइल आइकन अवॉर्ड शो में एक्ट्रेस ने शिरकती की थी। जहां उनका हॉट लुक्स फैंस के बीच छा गया था। टीवी से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस मौनी रॉय आए दिन अपनी हॉटनेस से फैंस के होश उड़ाती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मौनी रॉय को 'स्टाइल आइकन अवॉर्ड शो में स्पॉट किया था जिसमें वो बेहद ही शानदार लग रहीं थीं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने बेहद ही यूनिक लुक को चुना था। बता दें कि मौनी रॉय ने फेमस डिजाइनर डॉली जे के कलेक्शन से पिंक और सिल्वर कलर का ब्राइडल कॉलम गाउन केरी किया था। अपनी इन लेटेस्ट तस्वीरों में मौनी रॉय बेहद ही स्टनिंग और हॉट लग रही थीं कि उनसे नजरें तक हटा पाना मुश्किल हो गया था। ओपन स्ट्रेट हेयर और न्यूड मेकअप लुक कर के एक्ट्रेस मौनी रॉय ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस मौनी रॉय खुद को खूबसूरत और ग्लैमरस प्रेजेंट करने का एक भी मौका नहीं छोड़ती हैं। हालांकि एक्ट्रेस ने अफने इस लुक से भी एक बार फिर फैंस के छक्के छुड़ा दिए हैं।

## एल्नाज नोरोजी ने कंधार में जेरार्ड बटलर के साथ काम करने का अनुभव साझा किया



ईरानी-जर्मन मॉडल और अभिनेत्री एल्नाज नोरोजी ने अंतर्राष्टीय प्रोजेक्ट 'कंधार' में स्कॉटिश अभिनेता और फिल्म निर्माता जेरार्ड बटलर के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा किया। जेरार्ड ने एक मिशन के दौरान अफगानिस्तान में फंसे सीआईए ऑपरेटिव टॉम हैरिस की भूमिका निभाई है। एल्नाज ने कहा : जेरार्ड के साथ काम करना न केवल एक निर्माता के रूप में, बल्कि सह-कलाकार के रूप में भी जादुई था, वह बहुत मजेदार और शीर्ष पर सुपर अच्छा है। 'कंधार' एक ऐसा अनुभव है, जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगी।

एल्नाज पाकिस्तानी फिल्म 'मान जाओ ना' और हिंदी फिल्म 'हैलो चार्ली' में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। वह गुरु रंधावा के साथ म्यूजिक वीडियो 'मेड इन इंडिया' और वेब सीरीज 'सेक्रेड गेम्स' में भी नजर आई थीं। अभिनेत्री ने जेरार्ड के कामों के लिए अपनी पसंद को साझा किया, जिसमें 'टुमॉरो नेवर डाइज', 'टेल ऑफ द ममी', 'टाइमलाइन', अन्य शामिल हैं और कहा : मुझे याद है कि मैं जेरार्ड की फिल्में देखती थी और मैं उस पर क्रश हुआ करती थी क्योंकि मैं रिक सर का भी आभारी हूं कि उन्होंने फिल्म के माध्यम से हमें इतनी अच्छी तरह से मार्गदर्शन किया। मैं एक हॉलीवुड फिल्म का हिस्सा बनने के लिए बहुत खुश हूं।

'कंधार' का निर्देशन रिक रोमन वॉ ने किया है। इस फिल्म में नावीद नेगहबान, अली फजल, बहादोर फौलादी, ट्रैविस फिमेल भी हैं। यह अमेरिका में 26 मई को रिलीज होगी। वर्क फ्रंट पर 'कंधार' के अलावा एल्नाज 'मेड इन हेवन सीजन 2' में भी नजर आएंगी।

## सिटाडेल का नया ट्रेलर जारी, प्रभावी नजर आई प्रियंका चोपड़ा

कुछ समय पूर्व हिन्दी फिल्मों की अभिनेत्री रही प्रियंका चोपड़ा ने अपने एक बयान में बॉलीवुड को लेकर कहा था कि उन्हें वहाँ पर काम नहीं मिल रहा था। कुछ लोगों ने उन्हें प्रतिबंधित करने के साथ ही अन्य लोगों पर दबाव डलवाकर प्रतिबंधित कर दिया था, जिसके चलते उन्होंने हॉलीवुड का रुख किया। अपने इन खुलासों के कारण प्रियंका चोपड़ा खासी चर्चाओं में हैं। अभी उनकी चर्चाएँ समाप्त भी नहीं हुई थी कि अब वे अपनी स्पाइ एक्शन वेब सीरीज सिटाडेल को लेकर खबरों में हैं।




इन चर्चाओं के बीच अब सिटाडेल का नया ट्रेलर जारी किया गया है, जिसमें कहानी की कुछ और परतें खोलने की कोशिश की गयी है। सिटाडेल 28 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी। अमेजन स्टूडियोज और रुसो ब्रदर्स के एजीबीओ रचित सिटाडेल को एंथोनी रूसो, जो रूसो, माइक लारोका, एंजेला रूसो-ओटस्टॉट और स्कॉट नेम्स ने प्रोड्यूस किया है। रूसो ब्रदर्स मार्वल स्टूडियो की एवेंजर्स फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। सिटाडेल प्रियंका की दूसरी हॉलीवुड सीरीज है, जिसमें वो स्पाइ बनी हैं। इससे पहले प्रियंका चोपड़ा चांटिको में जासूस के रूप में दर्शकों के सामने आ चुकी हैं।

सिटाडेल वर्तमान और अतीत में सफर करती है।

## वजन ज्यादा होने की वजह से कई प्रॉजेक्ट्स से धोना पड़ा हाथ : नंदिनी शर्मा

शो फालतू में रिया का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस नंदिनी शर्मा ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपने शुरूआती दिनों को याद किया और बताया कि कैसे उन्हें अधिक वजन के कारण रिजेक्शन का सामना करना पड़ा। एक्ट्रेस ने अपने वजन के कारण साउथ प्रोजेक्ट में लीड रोल का ऑफर गंवाने के बारे में बताया।



उन्होंने कहा: स्ट्रगल एक एक्टर के जिंदगी का हिस्सा है, लेकिन जब रिजेक्शन से डील करने की बात आती है, तो यह बिल्कुल भी आसान नहीं होता है। मैं ऐसा इसलिए कह सकती हूं, क्योंकि मैंने अपने वजन के कारण कई प्रोजेक्ट खोए हैं और उस चीज ने मुझे बहुत डिमोटिवेट किया। कई बार तो मुझे ऑडिशन देने से पहले ही रिजेक्ट कर दिया जाता था। मुझे याद है कि मैं साउथ के एक बड़े प्रोजेक्ट को लेकर काफी एक्साइटेड थी, लेकिन मुझे लीड रोल के लिए मना कर दिया गया, वजह मेरा वजन था। नंदिनी, जिन्होंने वेब सीरीज- जांबाज हिंदुस्तान के में भी काम किया है, ने कहा कि वजन के चलते मिल रहे रिजेक्शन का उन पर काफी बुरा असर पड़ा था। उन्होंने कहा, रिजेक्शन वास्तव में मुझे निराश करता था।

# खेल

## बडोनी का सिक्स वाला हिट-विकेट

### 15 बॉल में पूरन की फिफ्टी; डु प्लेसिस ने इस सीजन का सबसे लंबा छक्क ा लगाया, 115 मीटर दूर छत पर गिरी गेंद

बेंगलुरु। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में रोमांचक मुकाबले में लखनऊ सुपरजायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 1 विकेट से हरा दिया। पहली पारी में फाफ डु प्लेसिस, विराट कोहली और ग्लेन मैक्सवेल ने फिफ्टी लगाई। दूसरी पारी में मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन की पारियों के दम पर LSG ने मुकाबला जीत लिया।



बेंगलुरु के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने इस सीजन का सबसे लंबा छक्का लगाया। गेंद 115 मीटर दूर छत पर जा गिरी। निकोलस पूरन ने 15 बॉल में फिफ्टी लगाई और 19वें ओवर में छक्का लगाकर आयुष बडोनी हिट विकेट हो गए। वहीं, हर्षल पटेल नॉन स्ट्राइकर को रन आउट नहीं कर मैच जीतने का मौका गंवा बैठे। मुकाबले के ऐसे ही टॉप मोमेंट्स इस खबर में हम जानेंगे।

### डु प्लेसिस ने 115 मीटर का छक्क ा मारा

पहली पारी में 15वें ओवर की चौथी बॉल रवि बिश्नोई ने शॉर्ट पिच फेंकी। फाफ डु प्लेसिस ने बैकफुट पर मिड विकेट की ओर बड़ा शॉट खेला। बॉल स्टेडियम से बाहर ही चली गई। रीप्ले में नजर आया कि यह छक्का 115 मीटर लंबा था, जो इस सीजन का सबसे लंबा छक्का है।

### 17वें ओवर में लखनऊ ने लिया इम्पैक्ट प्लेयर

पहली पारी में 16 ओवर खत्म होने के बाद लखनऊ ने इम्पैक्ट प्लेयर रूल का यूज किया। टीम ने बॉलर अमित मिश्रा की जगह बैटर आयुष बडोनी को शामिल किया। हालंकि नियमानुसार 14वें ओवर से पहले इंपैक्ट प्लेयर का इस्तेमाल कर सकते हैं या इससे पहले इसकी जानकारी दे सकते हैं।




### सिराज ने मेयर्स को बोल्ड किया

पहली पारी में 212 रन का विशाल टारगेट बोर्ड पर लगाने के बाद बेंगलुरु को मोहम्मद सिराज ने अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने पहले ही ओवर में तीसरी गेंद इन स्विंग शॉर्ट ऑफ लेंथ फेंकी। काइल मेयर्स बैकफुट पंच करने गए, लेकिन बॉल उनके बैट से लग कर स्टंप्स में चली गई। मेयर्स ने पिछले 3 मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन बेंगलुरु के खिलाफ शून्य पर बोल्ड हो गए।



### एक नजर

## भारत ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में तीन पदक जीते

**अस्ताना** । युवा पहलवान रुपिन ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में रविवार को यहां ग्रीको रोमन के 55 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता जो सीनियर स्तर पर उनका पहला अंतर्राष्ट्रीय पदक है। उन्नीस वर्षीय रुपिन ने जहां रजत पदक हासिल किया वहीं नीरज ने ग्रीको रोमन के 63 किग्रा में जबकि सुनील कुमार ने 87 किग्रा में कांस्य पदक जीते। रुपिन ने क्वालिफिकेशन से लेकर फाइनल तक शानदार प्रदर्शन किया लेकिन खिताबी मुकाबले में वह ईरान के पोया सोलत दाद मर्ज से 1-3 से हार गए।



## फुटबॉल टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं जीत से रीयाल मैड्रिड के करीब पहुंचा एटलेटिको



**मैड्रिड** । एटलेटिको मैड्रिड ने रविवार को यहां रायो वालेकानो को 2-1 से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की और ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर चल रहे रीयाल मैड्रिड से अब सिर्फ दो अंक पीछे है। एटलेटिको की ओर से पहले हाफ में नेहुएल मोलिना और मारिये हरमोसो ने दो मिनट के भीतर दो गोल दागकर टीम की 11 मैच में नौवीं जीत सुनिश्चित की। रायो को 62वें मिनट से 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा जब फ्लोरियन लेजेयुन को मैच से बाहर किया गया। रीयाल मैड्रिड को शनिवार को घरेलू मैदान पर विलारीयाल के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। सोमवार को गिरोना से भिड़ने वाले बार्सीलोना ने शीर्ष पर मजबूत बढ़त बना रखी है। टीम मैड्रिड से 12 जबकि एटलेटिको से 14 अंक आगे है।

## आईपीएल 2023 : रिंकू सिंह ने आखिरी के 5 गेंदों पर 5 छक्के लगाकर गुजरात के विजय रथ को रोका

अहमदाबाद । आईपीएल 2023 के मुकाबले लगातार खेले जा रहे हैं। हर रोज क्रिकेट फैंस को दिलचस्प मुकाबले देखने को भी मिलते हैं। रविवार को भी एक दिलचस्प मुकाबला खेला गया। मुकाबला केकेआर और गुजरात टाइटंस के बीच था।



अब तक इस बार के आईपीएल में अपराजित रही गुजरात टाइटंस की टीम को केकेआर ने दिलचस्प मुकाबले में हरा दिया। हालांकि, एक समय तक रहा था कि गजरात टाइटंस इस मुकाबले को आसानी से जीत जाएगा। लेकिन कोलकाता के रिंकू सिंह ने वह कमाल कर दिखाया जिसकी हर रोज जमकर तारीफहो रही है।

रिंकू सिंह के बल्ले से निकली पारी ने रातो रात उन्हें स्टार बना दिया है। राशिद खान की हैट्रीक के बाद केकेआर की जीत काफी मुश्किल लग रही थी। केकेआर को आखिरी ओवर में 29 रनों की दरकार थी। मैदान पर उमेश यादव और रिंकू सिंह मौजूद थे। उमेश यादव ने पहली गेंद पर 1 रन लेकर रिंकू सिंह को स्ट्राइक दिया। उसके बाद रिंकू सिंह ने जो कुछ भी किया वह अब इतिहास है। रिंकू सिंह ने आखिरी के 5 गेंदों पर 5 छक्के लगाकर गुजरात के विजय रथ को रोक दिया।

## राहुल त्रिपाठी के तूफान में उड़ी पंजाब, सनराइजर्स को मिली पहली जीत

**हैदराबाद** । सनराइजर्स हैदराबाद ने टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल कर ली है। पंजाब के खिलाफ खेले गए मुकाबले में राहुल त्रिपाठी की दमदार अर्धशतीय पारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से जीत मिली है। इस दौरान पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन की 99 रनों की पारी बेकार गई और टीम को जीत नहीं दिला सकी।

हैदराबाद की टीम पंजाब द्वारा दिए गए 144 रनों का पीछा करने उतरी, जिसकी शुरुआत मयंक अग्रवाल और हैरी ब्रुक ने की। ओपनिंग जोड़ी ने हैदराबाद को अच्छी शुरुआत देने की कोशिश की मगर हैरी ब्रूक 13 रन बनाकर अर्शदीप सिंह का शिकार हो गए।



इसके बाद राहुल त्रिपाठी और मयंक अग्रवाल का साथ देने क्रिज पर पहुंचे।

दोनों ने टीम की पारी को संभाला मगर मयंक अग्रवाल 20 गेंदों में 21 रन बनाकर राहुल चाहर को अपना विकेट थमा बैठे। इसके बाद हैदराबाद की टीम को राहुल त्रिपाठी और एडिन मार्करम ने जीत की ओर आगे बढ़ाया है। राहुल त्रिपाठी ने 48 गेंदों में 74 और एडिन मार्करम ने 21 गेंदों में 37 रनों की पारी खेल कर टीम को पहली जीत का स्वाद चखाया है।

## किसान परिवार से आता हूं, मेरा हर छक्का मेरे लिए संघर्ष करने वालों को समर्पित : रिंकू

**अहमदाबाद** गुजरात टाइटंस के खिलाफ आखिरी पांच गेंद में पांच छक्के लगाकर कोलकाता नाइट राइडर्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मुकाबले में रविवार को यादगार जीत दिलाने वाले रिंकू सिंह ने अपने हर छक्के को उनके लिए संघर्ष करने वाले परिवार को समर्पित किया। रिंकू उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के बेहद सामान्य परिवार से आते है। उनके पिता घरों में गैस सिलेंडर को पहुंचाने का काम करते थे।

# कलेक्टर झा ने जन चौपाल में गम्भीरता से सुनी लोगों की समस्याएं

## सभी अधिकारियों को प्राप्त आवेदनो को निराकरण कर आमजनों को राहत पहुचाने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।





कलेक्टर संजीव कुमार झा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल के माध्यम से जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से आए आमजनों से बारी-बारी से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, शिकायतों और आवश्यकताओं को सुना। जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए सभी आवेदकों की समस्याओं को उन्होंने पूरी गंभीरता व विनम्रता से सुनते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। आज जन चौपाल में 205 लोगों ने अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर कलेक्टर झा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। जन चौपाल में आए लोगों ने एक-एक कर अपनी परेशानी बताई और मांगे रखी। जिसके अंतर्गत दर्री तहसील के ग्राम नगोईखारा के रहने वाले सतपाल सिंह कंवर ने कलेक्टर के समक्ष अपने बेटे के जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही परेशानियों की जानकारी देते हुए प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर झा ने आवेदक सतपाल की समस्या को संवेदनशीलता से लेते हुए आगामी 14 अप्रैल को पंचायतो में आयोजित होने वाले ग्राम सभा के माध्यम से अनुमोदन लेकर

**जनचौपाल में 205 आवेदकों ने बारी-बारी से कलेक्टर के समक्ष रखी अपनी समस्याएं**

आवश्यक अभिलेख की पूर्ति कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि अभिलेखों की कमी अथवा अभिलेखों में उल्लेखित त्रुटिपूर्ण जाति के नाम का ग्राम सभा से अनुमोदन कराकर पात्र व्यक्तियो का प्रमाण पत्र बनाकर प्राथमिकता से लाभांवित किया जाए। इसी प्रकार हरदीबाजार पंचायत के ग्राम छुईयापारा निवासी रेशम लाल जाटवर ने अपने भूमि के सीमांकन हेतु कलेक्टर को आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि उनकी जमीन पर ग्राम के ही अन्य व्यक्ति द्वारा कब्जा कर बॉउंड्री का निर्माण कर लिया है। कलेक्टर श्री झा ने संबंधित तहसीलदार के माध्यम से सीमांकन टीम का गठन कर उक्त प्रकरण की तत्काल पूर्ण जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने एवं आवेदक को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए।

पाली तहसील के भलपहरी ग्राम से आए आवेदक कृपाल सिंह ने कलेक्टर के समक्ष अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति की जानकारी देते हुए अपनी बेटी दुर्गा कंवर के खराब एक आंख का इलाज हेतु प्रशासन से मदद की मांग की। झा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अपने विभागीय योजना के माध्यम से दुर्गा के एक आंख का पूर्ण इलाज कराने के लिए कहा। जन चौपाल में भूमि स्वामी हक दिलाने, नामांतरण, इलाज हेतु सहायता, वेतन भुगतान, रोजगार प्रदाय, बंटवारा प्रकरण के निराकरण, मुआवजा भुगतान की मांग, अतिक्रमण हटाने, शिकायत जांच सहित अन्य मांगों व समस्याओं के संबंधित आवेदन लोगों ने प्रस्तुत किए। जिसके निराकरण के निर्देश कलेक्टर झा ने विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने आपराधिक प्रकरण हेतु पुलिस एवं राजस्व प्रकरण संबंधी आवेदन के लिए न्यायालय में अपील करने की ग्रामीणों को समझाइश भी दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले, प्रदीप साहू, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पांडेय, सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# कोविड-19 के नियंत्रण को लेकर मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली बैठक

## कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के नियंत्रण हेतु पूरी तैयारी रखने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।






मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण व आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में सभी संभागों के आयुक्तों, सभी कलेक्टरोंए पुलिस अधीक्षकों और सीएमएचओ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। उन्होंने कोरोना वायरस के नियंत्रण के संबंध में जिले की स्थिति की जानकारी ली। जशपुर स्थित एनआईसी कक्ष से कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर एवं स्वस्थ आमला वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े। मुख्य सचिव ने कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने,टेस्टिंग बढ़ाए जाने के भी निर्देश दिए तथा जरूरत के आधार पर ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने निर्देशित किया।

# भाजयुमो ने किया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू का पुतला दहन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



जिला भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का पुतला दहन किया। इस दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प भी हुई।

दरअसल, बेमेतरा के बिरनपुर में दो समुदायों के बीच हुए मारपीट और एक युवक की हत्या के विरोध में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता स्व भुनेश्वर साहू जी के गाँव बिरनपुर परिवार से मिलने जा रहे थे। पर गांव पहुंचने के 3 किलोमीटर पहले ही भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव एवं युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री रवि भगत को पुलिस प्रशासन ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके विरोध में मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा रायगढ़ द्वारा टाकीज चौक जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने मुख्यमंत्री भुपेश बघेल एवं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का पुतला दहन किया गया।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस इस प्रदेश में तुस्टीकरण की राजनीति कर अराजकता का माहौल बना रही है। हिन्दूओ पर छत्तीसगढ़ में लगातार हमला हो रहा है, उनकी हत्या की जा रही है। अब यह बर्दाश्त योग्य नहीं है इस बार जनता इसका जवाब देगी।

पुतला दहन के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, जिला महामंत्री सतीश बेहरा, उपाध्यक्ष कौशलेश मिश्रा, जिला मंत्री रत्थु गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि मनोज प्रधान, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विनायक पटनायक, महामंत्री प्रवीण द्विवेदी, सूरज शर्मा, प्रदेश कार्य. सदस्य अंशु टुटेजा, दीपक पटनायक, जिला उपाध्यक्ष मनोज सतपथी, जग्गनाथ प्रधान, अमरदीप सिंह जटाल, जिला मंत्री रामजाने भारद्वाज, प्रचार प्रसार प्रमुख ओमकार तिवारी, जिला कन्याशक्ति संयोजिका पूजा चौबे, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष डिग्रिलाल साहू, उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, सुरेंद्र पांडे, गोलू यादव, अनिल कटियार, दिलराज सिंह, शैलेश माली, मितेश शर्मा, सतनाम सिंह, शिव काशी, सुजीत लहरे, पप्पू यादव, डालेश्वरी पटेल, सुशील सिंह, विकास महतो, अंकित जादौन, ओंकार सिंह राजपूत, शुभम कंकरवाल, सुजाता सवैया, सीता सिंह,सुशीला चौहान, नेहा देवांगन, मीनाक्षी मेहर,अभिलाष कछवाहा, अंकुर गोरख, आकाश शर्मा, श्रियंस ठाकरे, संतोष साहू, राजदीप सिंह, सोनू जाटवर, रूपेश खरे, रूपांशु मिश्रा, सेम श्रीवास, आर्यन, सुधीर यादव, सुरेश सवैया, सोहेल राजपूत आदि भाजपा एवं भाजयुमो कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

# शासकीय एकलव्य विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।





कुसमी विकासखंड में सेराजुद्दीन कुरैशी, जिला न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलरामपुर स्थान रामानुजगंज के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में रेशमा बैरागी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा एकलव्य विद्यालय कुसमी व 100 सीटर कन्या छात्रावास कुसमी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त विधिक जागरुकता शिविर में विद्यालय के स्टॉफ ,छात्राएं एवं इस प्राधिकरण के पीएलव्ही इरसाद आलम, उदित लकड़ा,रंजित राम उपस्थित थें। विधिक साक्षरता शिविर में माननीय रेशमा बैरागी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने उपस्थित समस्त छात्राओं को घरेलु हिंसा के बारे में बताते हुए कहा कि घरेलू हिंसा घरेलू मारपीट या पारिवारिक हिंसा अथवा दुर्व्यवहार को प्रकट करने वाला शब्द है। वैश्विक रूप से सामान्यत: पत्नी तथा महिला साथी घरेलू हिंसा की शिकार अधिक होती है प्राय: देखा जाता है कि महिलाएं परिवार के भीतर ही कभी पिता तो कभी पति किसी न किसी रूप में पुरुष के दमन और शोषण का शिकार हो जाती हैं जिसका सबसे बड़ा कारण यह है कि प्रकृति ने महिलाओं को पुरुषों की तुलना शारीरिक तौर पर कमजोर बनाया हैए जिसकी वजह से वह जल्द ही पुरुष के ईर्ष्या व कोध का शिकार हो जाती है। लेकिन अब परिस्थिति ठीक उलट चुकी है। हमारी संवैधानिक व्यवस्था महिलाओं के उपर होने वाली हिंसा और उनके शोषण के प्रति सचेत हो गई है। वर्ष 2006 में भारत सरकार द्वारा घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 लागू किया गया है। जिसके अनुसार महिलाएं वृद्ध अथवा बच्चों के साथ होने वाली किसी भी प्रकार की हिंसा अपराध की श्रेणी में आती है। और इसके दोषी पाए जाने पर सजा का प्रावधान है। अत: हम सभी को कानून के दायरे में रहकर सभी महिलाएं वृद्ध अथवा बच्चों का सम्मान करना चाहिए। 06 अप्रैल 2023 को विकासखंड कुसमी के ग्राम पंचायत भवानीपुर में भी ग्रामीण जन को साईबर क्राइम के बारे में बताते हुए कहा कि साईबर क्राइम एक ऐसा अपराध है जो कम्प्यूटर एवं नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। मोबाईल आदि में होने वाले धोखाधड़ी आदि साईबर क्राइम के अंतर्गत ही आने वाले मामले हैं। आज के टेक्नीकल युग में कम्प्यूटर और इंटरनेट का उपयोग निरंतर गढ़ता जा रहा है। ऐसे में कोई भी कार्य बिना कम्प्यूटर की सहायता से करना काफी मुश्किल लगता है। कम्प्यूटर एवं इंटरनेट के लगातार उपयोगिता को देखते हुए अपराधी भी तकनीकी माध्यम से हाईटेक हो रहे हैं। वह अपराध करने के लिए कम्प्यूटर, इंटरनेट एवं मोबाईल आदि का प्रयोग कर रहे हैं। इसके माध्यम से साइबर चोर ऑनलाईन ठगी व चोरी को अंजाम देते हैं। अत: वर्तमान इंटरनेट की दुनिया में हम सभी को सर्तक होनी की आवश्यकता है। मोबाईल में किसी भी अंजान व्यक्ति को अपने किसी भी दस्तावेजों का विवरण नहीं देना चाहिए। मोबाईल में आने वाले अनावश्यक संदेश एवं लिंक पर नहीं जाना चाहिए। अंत में माननीय सचिव रेशमा बैरागी के द्वारा समस्त छात्राओं को आगामी नेशनल लोक अदालत, नालसा हेल्प लाईन नम्बर 15100, टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम, बाल शिक्षा, बाल श्रम, बाल विवाह के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया साथ ही उपरोक्त संबंध में पाम्पलेट भी वितरण किया गया।

## एक नजर

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित

भर्ती हेतु इच्छुक आवेदिका 25 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

एकीकृत बाल विकास परियोजना नांदघाट अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र नारायणपुर,1 एवं तारपोंगी-1 में कार्यकर्ता तथा गिधवा.1, चिचोली.1, ग्राम पंचायत लोहड़ंगिया के दुधिया, अमोरा.1, ग्राम पंचायत मेढ़की के कुरवा, ग्राम पंचायत बिनैका के लालपुर एवं नगर पंचायत मारो के सोनिका पारा में कार्यकर्ता के रिक्त पदों में भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। वर्तमान में इन आंगनबाड़ी केंद्रों में सेवानिवृत हुए एवं त्याग पत्र देने तथा मृत्यु की दशा में रिक्त 7 सहायिका एवं 2 आगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर निर्धारित निर्देश एवं मापदंडों के अनुसार नियमानुसार भर्ती किया जाएगा। भर्ती हेतु संबंधित ग्रामध्वार्ड की आवेदिकाओं द्वारा आवेदन पत्र भरकर निर्धारित तिथि 25 अप्रैल 2023 तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय नांदघाट अनुसूचित जाति प्री मैट्रिक छात्रावास के पास में कार्यालयीन समय 10:00 से 5:30 बजे सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा किया जा सकता है। भर्ती के संबंध में आवश्यक अर्हताओं की जानकारी परियोजना कार्यालय नांदघाट से प्राप्त की जा सकती है।

### ग्राम बीरनपुर में 06 लोगों की कथित मृत्यु की खबर भ्रामक, 02 लोगो की ही हुई है मृत्यु

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

कुछ सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर बीरनपुर ग्राम में 6 लोगों की कथित मृत्यु की अफ़वाह फैलायी जा रही है। जो की भ्रामक है। वास्तविकता यह है कि आज ग्राम बीरनपुर में 2 व्यक्तियों का शव पुलिस द्वारा बरामद कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम में सत्यापन कराये जाने पर ग्राम से किसी व्यक्ति के ला पता होने कि सूचना नहीं है। कलेक्टर पी. एस. एल्मा ने आमजनों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर चल रही कुछ भ्रामक खबरों पर बिना सत्यापन के विश्वास ना करे और ना ही इसे फ़ॉरवर्ड करे। वहीं पुलिस अधीक्षक .. ने कहा है कि यदि कोई भी व्यक्ति व्हाटसएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि सोशल मिडिया के माध्यम से भ्रामक व असत्य खबरें पोस्ट / फारवर्ड / कमेंट एवं शेयर करता है जिससे लोक शांति पर प्रतिकुल प्रभाव हो तो उस व्यक्ति के विरूध्द भारतीय दंड संहिता 1860 एवं सूचना प्रोद्यौगिकी अधिनियम 2000 में बने प्रावधानों के तहत् कठोर कार्यवाही की जावेगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### मतदान दलों के गठन के लिए कर्मचारियों की डेटा प्रविष्टि ,प्लीकेशन के संबंध में दिशा,निर्देश जारी

जशपुरनगर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा आम निर्वाचन-2023 हेतु मतदान दलों के गठन के लिए कर्मचारियों की डेटा प्रविष्टि एप्लीकेशन के संबंध में दिशा.निर्देश जारी किए है। उप जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए मतदान दलों के गठन हेतु कर्मचारियों की डेटाबेस तैयार करने के लिए कर्मचारी डेटा प्रविष्टि सॉफ्टवेयर वर्जन 3.6 प्राप्त हुआ है। जिसमें विभाग प्रमुखों द्वारा अपने कर्मचारी भेजकर डाटा एंट्री का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण किया जाना है। तत्पश्चात् कार्यालय प्रमुखों को समस्त कर्मचारी का पूर्ण कर लिए जाने के संबंध में प्रमाण.पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने डेटा प्रविष्टि के लिए विभाग प्रमुखों को जानकारी के साथ डाटा एंट्री हेतु कर्मचारी भेजने के लिए कहा है। जिसमें सभी कर्मचारियों का नाम, मतदाता सूची में पंजीकृत हो तथा ईपिक न होने पर संबंधितों से तत्काल ईपिक तैयार किया जा कर ईपिक नम्बर डेटाबेस में अनिवार्यत: प्रविष्टि किये जाए। सभी कर्मचारियों और अधिकारियों के बैंक अकाउंट की जानकारी सही-सही हो, ताकि मानदेय राशि संबंधित के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर की जा सके। सर्विस बुक का पृष्ट जिसमें जन्म तिथि, गृह जिला अंकित हो।

### जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन जेके चौधरी सेवानिवृत्त

कलेक्टर ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने कलेक्टोरेट में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन भा. नौ. जेके चौधरी के सेवानिवृत्त होने पर जिला प्रशासन की तरफ से सम्मानित किया गया। उन्होंने उनके सुखमय जीवन और दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि आप ने अपने कार्यकाल के दौरान भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए बेहतरीन कार्य किया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने सभी अधिकारियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि जशपुर में उनका कार्यकाल बहुत अच्छा रहा जशपुर की यादें हमेशा उनके साथ रहेंगी।

# शिव मंदिर में ब्राम्हण समाज की बैठक हुई संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



शिव मंदिर के प्रांगण में सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक बलरामपुर ब्राम्हण समाज के जिलाध्यक्ष बी एन दिवेद्दी की मुख्य आतिथ्य एवम जिला सचिव उमेश झा, शंकरगढ़ ब्राम्हण समाज के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल पाण्डेय, बलरामपुर जिले के ब्राम्हण समाज के संचालनकर्ता रामधीन दुबे की विशिष्ट आतिथ्य में कुसमी शिव मंदिर प्रांगण में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सर्व प्रथम कुसमी ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष सुरेश वैद्य की सानिध्य में परशुराम भगवान की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित करते हुए मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात एक दूसरे का परिचय कराते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आगामी होने वाले 22 अप्रैल 23 को परशुराम भगवान की जयंती को धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही इस ब्राम्हण समाज के बैठक में सर्व ब्राम्हण समाज को संगठित होकर ब्राम्हण समाज के उत्थान के लिए कार्य करनें पर प्रकाश डाला गया। तथा एक जुट होकर रहने की सलाह दी गई। आगामी होने वाले 22 अप्रैल 23 को परशुराम जयंती के अवसर पर सभी ब्राम्हण समाज के गण्यमानय व्यक्तियों को 8 बजे सपरिवार सहित कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की बात कही गई। आज के इस कुसमी शिव मंदिर प्रांगण में सर्व ब्राम्हण समाज के बैठक में ब्राम्हण समाज बलरामपुर के जिलाध्यक्ष बी एन दिवेदी, बलरामपुर ब्राम्हण समाज के जिला सचिव उमेश झा, शंकरगढ़ ब्राम्हण समाज के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल पाण्डेय, बलरामपुर जिले के ब्राम्हण समाज के संचालनकर्ता रामधनी दुबे सहित कुसमी ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष सुरेश वैद्य, जिला उपाध्यक्ष अरविंद तिवारी, उमेश्वर ओझा, उपेंद्र तिवारी नागेंद्र तिवारी, दिनेश तिवारी, सुनील तिवारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य श्रवण दुबे, मनोज तिवारी,रमेश पांडेय, राकेश भारती, मनोज तिवारी,अरुण तिवारी, हरिकेश भारती,शुधिक्षण दुबे, सुशील दुबे पंकज दुबे,दीपक तिवारी, अनुज पांडेय, नितेश तिवारी, नितेश भारती, अरुण तिवारी जिरहुल, मंडी इंस्पेक्टर शुक्ला अखिलेश तिवारी,सहित अन्य ब्राम्हण समाज के सभी व्यक्ति उपस्थित होकर आज के इस बैठक को संपन्न कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिऐ।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ ने निकाली बाइक रैली

## शासकीय करण पदोन्नति एवं क्रमोन्नति पर अड़े सचिव संघ

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



प्रदेश स्तर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ द्वारा 16 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर शासकीय करण पदोन्नति एवं क्रमोन्नति के लिए मांग कर रहे हैं। जिसमें जिला इकाई सचिव संघ सक्ती के द्वारा भी जोर शोर से आंदोलन को आगे बढ़ाने एकजुटता दिखा रहे हैं। 11 अप्रैल को छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ जिला इकाई सक्ती के द्वारा पंडित दीनदयाल स्टेडियम बाजार ग्राउंड में उपस्थित होकर बाइक रैली निकाली गई। सर्वप्रथम बाइक रैली गौरव पथ होते हुए अग्रसेन चौक से जेठा के लिए रवाना हुई। जहां सचिव संघ के द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री रविंद्र चौबे के नाम कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना की अनुपस्थिति में तहसीलदार मनमोहन प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा। पंचायत सचिवों के द्वारा ज्ञापन में बताया गया है कि 29 मार्च 2022 को इंडोर स्टेडियम रायपुर पंचायत सचिव, शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम में भूपेश बघेल मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पंचायत सचिवों को शासकीय करण करने की घोषणा किया गया है। पंचायत सचिवों को शासकीय करण करने में शासन प्रशासन को वार्षिक वित्तीय भार लगभग 75 करोड आएगा जो कि नहीं के बराबर है उन्होंने यह भी बताया है कि त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत स्तर पर कार्यरत कर्मचारी शासकीय सेवक है। किंतु पंचायती राज की बुनियादी आधार स्तंभ कहे जाने वाले ग्राम पंचायत में कार्यरत कर्मचारी पंचायत सचिव शासकीय सेवक नहीं है। इसी तरह पंचायत सचिव 29 विभागों के 200 प्रकार के कार्य को जमीनी स्तर तक जिम्मेदारी के साथ ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए राज्य सरकार व केंद्र सरकार के समस्त योजनाओं को लोकतंत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के अति महत्वपूर्ण कार्य को अंजाम देते हैं। उन्होंने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना सभी न्याय योजना जैसे राजीव गांधी न्याय योजना राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमि हीन मजदूर न्याय योजना गोधन न्याय योजना अंतर्गत नरवा, गरवा, घुरवा, बारी के तहत ग्राम गौठन एवं मनरेगा में कार्यों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। ज्ञापन में आगे लिखा गया है कि पंचायत सचिवों को शासकीय करण करने हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश के 65 सम्मानीय विधायक गणों द्वारा अनुशंसा किया गया है। इसी तरह पंचायत सचिवों को कार्य करते हुए 28 वर्ष से अधिक हो गया है। पंचायत सचिवों के साथ नियुक्त विभाग के कर्मचारी जैसे शिक्षाकर्मी को शासकीय करण कर दिया गया है। उन्होंने ज्ञापन में अनुरोध किया है कि सभी परिस्थितियों को देखते हुए पंचायत सचिवों के प्रति सहानुभूति प्रकट करते हुए 2 वर्ष परीक्षा अवधि पश्चात शासकीय करण करते हुए पदोन्नति एवं क्रमोन्नति दिया जाए।

# अशान्ति फैलाने वाले व्यक्ति यों की जा रही लिस्टिंग कानून व्यवस्था की समीक्षा-कलेक्टर,एसपी

## सामाजिक समरसता पर जोर, रैलियों में खुले शस्त्रों का प्रयोग निषेध,उपयोग करने पर की जायेगी कठोर कानूनी कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

कलेक्टर रजत बंसल एवं पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने जिलें के कानून व्यवस्था को लेकर राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के कामकाज की समीक्षा की है। जिलें में कानून व्यवस्था के छवि को लेकर कलेक्टर रजत बंसल ने गहरी नाराजगी जतायी। उन्होने सख्त निर्देश देते हुए अशांति फैलाने वालों लोगों की जमीन स्तर पर लिस्टिंग करने के निर्देश दिए है। उसके लिए उन्होंने राजस्व एवं पुलिस विभाग के आला अधिकारियों को अलग-अलग डिविजन में बांटकर कार्य करने कहा है। बंसल ने कहा कि कुछ उपद्रवी तत्व जिलें के शांति एवं सौहार्द्र पूर्ण माहौल को खराब करने की कोशिश कर सकतें है। इसके लिए हमें सतर्क रहना चाहिए एवं सामाजिक समरता के कार्य पर जोर देना चाहिए। कुछ दिनों पहले रैलियों में धार दार हथियारों का खुला प्रदर्शन किया गया जो कि काफी चिंता जनक है। इस तरह की रैलियों की अनुमति नहीं दी जायेगी एवं रैलियों में इस तरह अस्त्र शस्त्र के प्रयोग करने वाले व्यक्तियों खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बंसल ने कहा राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की रीढ़ है। आप सभी आपस में समन्वय के साथ कार्य करें। इसके साथ ही जिलें में बड़े उद्योग स्थापित होने के चलते बड़े बड़े वाहनो से सड़क दुर्घटनाओं में वृध्दि हुई है। जिससे लोगों की जान गई है। हम सब का नैतिक



**जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटना एवं मालवाहक वाहनों पर सवारी चिंता जनक,128 लोगों के लायसेंस निरस्त एवं 130 पर की गई चालानी कार्रवाई**

दायित्व है कि इन दुर्घटनाओं में कमी लाना है। सबसे अधिक मालवाहक वाहनों पर सवारी करना काफ ी चिंता जनक है। इसके लिए लोगों को जागरूक करनें के साथ ही ऐसे उपयोग करनें वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना भी अनिवार्य है। साथ ही पूर्व बैठकों के आधार पर आप सभी त्वरित रूप से जिलें में जितने भी ब्लैक स्पॉट हैएउनका चिन्हांकन शीघ्र करें। इस कार्य में लोक निर्माण विभाग एवं आरटीओ भी मदद करेगी। टीम शीघ्र ही इन स्थानों का चिन्हांकन कर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत मुझे प्रस्तुत करें। साथ ही जिलें में अवैध शराब एवं ओवर रेट में शराब बिक्री संबंधित शिकायतें लगातार मिल रही है। इस पर पूरी तरह नियंत्रण होना चाहिए। इसके लिए उन्होनें आबकारी विभाग के अधिकारियों को भी कड़ी फटकार लगायी है। राजस्व एवं पुलिस अधिकारी कानून संबंधित समन्वय बैठक प्रति सप्ताह करना सुनिश्चित करें। 128 लोगों के लाइसेंस निरस्त एवं 130 पर की गई चालानी कार्रवाई पुलिस विभाग के द्वारा मालवाहकों गाड़ियों का उपयोग सवारी वाहनों के रूप में करनें पर 130 गाड़ियों पर चलानी कार्रवाई की गयी है एवं लाइसेंस निरस्त करनें के लिए प्रकरण आरटीओ को भेजें गये है। इसके साथ पुलिस विभाग द्वारा कुल 230 लोगों का लाइसेन्स निरस्तीकरण के लिए आरटीओ को भेजा गया था जिसमें से 128 लोगों का लाइसेंस को निरस्त कर दिया गया है। उक्त बैठक में क्षेत्र के एसडीएम,एसडीओपी, टीआई, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए है। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने आपसी समन्वय से कार्य करने निर्देश पुलिस विभाग के अधिकारियों को दिए है। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता,जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे,समस्त एसडीएम,एसडीओपी,टीआई, तहसीलदार,नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

छग कोषालय संहिता के सहायक नियम 39 में निहित प्रावधानों तहत् कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना द्वारा जिला कोषालय सक्ती के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम में रखे अदालती मुद्रांक, गैर अदालती मुद्रांक, कोर्ट फ ी कॉपिंग टिकट, नोटेरियल टिकट, रेवेन्यु टिकट, स्पेशल अधेसिव्ह स्टाम्प तथा बहुमूल्य वस्तुओं के पैकंट्स का सत्यापन कोषालय में संधारित पंजियों से किया गया। इस दौरान कलेक्टर के साथ तहसीलदार सक्ती एवं समस्त कोषालय स्टॉफ उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान विभागीय कार्य प्रणाली के संबंध में कलेक्टर द्वारा जिला कोषालय अधिकारी सक्ती से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गये साथ ही सक्ती कलेक्टर ने कार्यालय में साफसफाई रखने के निर्देश दिए।



### 50 विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बस्ती में पहुंचेंगे अधिकारी-कलेक्टर

उनकी समस्याओं को सुनेंगे और समाधान भी करते जाएगें

बिना अनुमति के अधिकारी मुख्यालय नहीं छोड़ेगे

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में सप्ताहित समय सीमा की बैठक लेकर टीएल के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा किए। उन्होंने अधिकारियों को अवगत कराते हुए कहा कि जिले के 50 विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बस्ती का चिन्हांकन किया गया हैजहां नोडल अधिकारी जा करके उनकी समस्याओं की जानकारी लेंगे और उनका जाति प्रमाण पत्र औरपेंशन राशन सहित अन्य उनकी समस्याओं का समाधान करते जाएगें। कलेक्टर ने कहा कि कोई भीअधिकारी बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ेगे।उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जल जीवन मिशन के कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों को योजना का लाभ पहुंचाना शासन की पहली प्राथमिकता है। समीक्षा के दौरान उन्होंने क्रेडा विभाग के अधिकारी कड़ी हिदायत देते हुए पहाड़ी कोरवा बस्ती में जा करके और सोलर संबंधी समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए है। इसके लिए उन्होंने रोस्टर तैयार करने के लिए कहा है। और कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए है। और कृषि अधिकारी को किसानों का प्राथमिकता से केसीसी बनाने के कहा है। इस अवसर पर कलेक्टर एसडीएम जनपद सीईओ सभी उपस्थित थे।



# बड़ी राजनैतिक पदोन्नति भाजपा नेता अंकित अग्रवाल बनाए गए सारंगढ़ विधानसभा के प्रभारी

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।

छत्तीसगढ़ प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री पवन कुमार साय, छत्तीसगढ़ प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रभारी विजय शर्मा की सहमति एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष रवि भगत की स्वीकृति से भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं शक्ति जिले के युवा भाजपा नेता अंकित अग्रवाल को सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र में प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। तथा अंकित अग्रवाल को आने वाले दिनों में भाजयुमो के मतदाता. अभिनंदन कार्यक्रम,धरना. प्रदर्शन आंदोलनों एवं अन्य संगठनात्मक कार्यक्रमों के लिए प्रभारी बनाया गया है। साथ ही उनके साथ सह प्रभारी के रूप में जेमिनी गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई है। अंकित अग्रवाल की



इस नियुक्ति पर जहां शक्ति जिले के भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके कुशल नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिलने की बात कही है। तो वही अंकित अग्रवाल ने भी अपनी इस नियुक्ति पर कहा है कि प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। वे पूरी सक्रियता के साथ काम करेंगे साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस सरकार के अत्याचार को बंद करवाने भाजयुमो के आंदोलनों के माध्यम से श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों को भव्य रुप से संपन्न कराएंगे, उल्लेखित हो की शक्ति के अंकित अग्रवाल पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपने छात्र जीवन के माध्यम से शुरुआत करते हुए वे भारतीय जनता युवा मोर्चा शक्ति नगर मंडल के अध्यक्ष एवं वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हैं युवा मोर्चा अध्यक्ष रहते हुए अंकित अग्रवाल ने भूपेश सरकार का पुरजोर विरोध कर अपनी युवा शक्ति का प्रदर्शन किया है साथ ही वे विभिन्न स्वयंसेवी, सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संस्थाओं में भी प्रमुख पदों पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं तथा वे शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई भी हैं।

# हिन्दुत्व के लिए घरघोड़ा नगर से समर्थन नहीं मिला

## राम नवमी जहां हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ पड़ती वहीं राम के नाम से बड़ा कारोबार

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

हाल ही रामनवमीं का भव्य आयोजन संपन्न हुआ हजारों हिन्दुओं ने रामनवमीं के दिन सड़कों पर त्यौहार मनाया वहीं घरघोड़ा नगर की जनता हिन्दू धर्म के भक्त संगठनों को आज ताना देते हुए पुछ रही है क्या सिर्फ आयोजन करने के लिए हिन्दुवादी छबि बाहर आती है या राजनीतिक रोटियां सेंकने का कार्य मात्र है। समाजसेवी राजनेता नगर के धनवान सिर्फहिन्दू समाज में महान बनने आगे आते हैं। रामनवमीं की छबि अभी तक दिलों दिमाग में छाया है। उसी छबि को कुछ लोग पचा नहीं पा रहे हैं। जिसके कारण बेमेतरा जिले के एक छोटे से गांव बिसनपुर में संप्रदायिक हिंसा होने से 23 साल का नौजवान अपनी जान गंवा बैठता है जिसको हिन्दू समाज श्रद्धांजलि देने व न्याय




दिलाने के लिए एक पहर अपनी दुकान धंधों को बंद नहीं कर सकती, जबकि अन्य जगहों में स्वत: शांति पूर्वक लोगों ने बंद का समर्थन का एकता परिचय दिया है। परन्तु घरघोड़ा की जनता सिर्फ दिखावे में आगे है लोगों को अपनी चिंता पहले फि र कहीं दुसरा सोचें एक भी दुकान समर्थन में बंद नहीं होने से यह चर्चा का विषय बना है घरघोड़ा को धार्मिक नगर कहा जाता है पर धर्म के लिए कोई आगे बढ़कर आता दिखाई नहीं देता चाहे राजनीति दल हो या धार्मिक संगठन विश्व हिन्दू परिषद का प्रदेश बंद का आह्वान वहीं घरघोड़ा में विश्व हिन्दू परिषद् का संगठन नहीं होने से कोई आग्रह भी नहीं हुआ। हिन्दुवादी पार्टी कहलाने वाला पार्टी भाजपा के दिग्गज नेता सिर्फ नाम के रह गये लगते हैं। प्रदेश जिले में बोल बाला रहता है पर खुद के नगर में बंद के समर्थन में आग्रह तक नहीं किए।

# क्रिकेट फ़ाइनल मैच में दर्रीपारा की टीम ने कुसमी इंडियन टीम को मात देते हुए, ख़िताब किया हासिल

## स्व रामसाय राम स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

कुसमी हाई स्कूल ग्राउंड में जिला पंचायत सदस्य महिला मोर्चा महामंत्री हीरामणि निकुंज व इंद्रदेव निकुंज द्वारा आयोजित स्व रामसाय राम स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का आज समापन हुआ।



यह क्रिकेट प्रतियोगिता 1 माह से चल रही थी जिसमे संभागीय स्तर के टीमों ने हिस्सा लिया था। इसका फाइनल मुकाबला कुसमी हाई स्कूल ग्राउंड में कुसमी इंडियन टीम व दर्रीपारा की टीम की फाइनल मैच रखी गई थी, जिसमें से कुसमी इंडियन टीम को मात देते हुए दरीपारा के टीम ने ने 3 विकेट से विजेता रही।

आज के फाइनल मैच में छेत्र के हजारों लोगों की संख्या में उपस्थित रहे। हीरामणि निकुंज के द्वारा और भी कई बार क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, और उन्होंने यह भी कहा है, की आगे और फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, हीरामणि निकुंज हमेशा छेत्र के खिलाड़ियों को आगे लाने के प्रयास किये जाते रहे है।

हीरामणि निकुंज व इंद्रदेव निकुंज ने विजेता टीम कुसमी दर्रीपारा टीम को नगद 21000 रुपये सहित शील्ड प्रदान किया साथ ही उपविजेता कुसमी इंडियन टीम को 11000 और शील्ड मेडल लेकर सम्मानित किया गया।

आज के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि आनंद जायसवाल, अध्यक्षता हीरामणि निकुंज व इंद्रदेव निकुंज, विशिष्ट अतिथि भरत सेन सोभनाथ भगत, अशोक सोनी, बालेश्वर नायक, सोनल सिन्हा, मनीष सिन्हा, विवेक सिंह, राजू मंडल, रौशन सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण-जन उपस्थित थे।

# टीआरएन पावर प्लांट ने जबरन रोक रखा कई ठेकेदारों के पुराने पेमेंट

## ठेकेदारों ने रायगढ़ कलेक्टर से की शिकायत पूर्व में भी की गई थी शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

घरघोड़ा से मात्र 10 किलोमीटर की दूरी में टीआरएन एनर्जी एवं पावर लिमिटेड भेंगारी में स्थित पावर प्लांट जोकि स्थानीय ठेकेदारों से काम करवा कर लाखों रुपए उनके रोकने में माहिर ऐसे कंपनी की ठेकेदारों ने की है संवेदनशील तारण प्रकाश सिन्हा रायगढ़ कलेक्टर से शिकायत तथा शिकायत की एक प्रति छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी को एवं एक कॉपी पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर को भी भेजी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घरघोड़ा के नजदीक लगे टीआर एन एनर्जी एवं पावर प्लांट जो कि काम के बदले पेमेंट देने में आनाकानी करना तथा




ठेकेदारों मजदूरों ट्रांसपोर्टरों को चक्कर पर चक्कर घूमाते रहने में महारथ हासिल कर चुका है जिससे कि टीआर एन से संबंधित ठेकेदार मजदूर एवं ट्रांसपोर्टर काफी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उनके द्वारा किए गए कार्य मजदूरी ट्रांसपोर्टिंग से संबंधित पैसे को रोकना जो कि कानूनन गलत है लोगों से काम करवा कर उनके पैसे ना देना टी आर एन कंपनी का अब यही काम रह गया है।

बताना लाजिमी होगा कि ऐसे कई ठेकेदार मजदूर एवं ट्रांसपोर्टर जिनके लाखों रुपए कंपनी के द्वारा बेवजह रोक दिया गया है जिससे कि इन्हें काफ ी तकलीफ ों का सामना करना पड़ रहा है यहां तक कि पिछले बार तो एक ट्रांसपोर्टर ने टीआरएन कंपनी के खिलाफ में अपने खून से लेटर लिखकर शासन-प्रशासन को आगाह किया था और इस बार तो ठेकेदार ट्रांसपोर्टर घरघोड़ा जयस्तंभ चौक में आत्मदाह करने की भी शासन प्रशासन को सूचना देने वाले हैं जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी टीआरएन कंपनी तथा उसके जीएमएमडी प्रबंधन की होगी टी आर एन कंपनी के इस रवैया से क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी काफी नाराज हो रहे हैं जब लोगों से काम लिया गया है तो फिर उनके मेहताना पैसे रोकने का कंपनी को कोई हक नहीं बनता अगर ऐसे में जरूरत पड़ेगी तो जनप्रतिनिधि भी कंपनी के खिलाफ जल्द ही आंदोलन करने में उतारू होंगे।

# बढ़ती गर्मी के साथ लू से बचाव जरूरी-सीएमएचओ

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

बदलते मौसम के साथ बढ़ रही गर्मी में कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसी में से एक लू भी है। स्कूली बच्चों, दैनिक मजदूरों,ट्रैफिक स्टाफ को अक्सर इस मौसम में घर से बाहर जाना पड़ता है ऐसे में यह वर्ग लू के चपेट में आसानी से आ सकता है। इससे बचाव करने के लिए विशेष सावधानी की आवश्यकता होती है। इस बारे में जानकारी देते हुए जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम पी महिस्वर ने बताया कि तेज धूप में लंबे समय तक रहने से शरीर में



पानी एवं खनिज-लवण की कमी हो जाती है जिसे लूं की स्थिति कही जाती है। सिर में भारीपन, शरीर में तेज दर्द, तेज बुखार,चक्कर,उल्टी आना, कमजोरी आना, बार-बार मुंह सूखना,पेशाब कम आना अथवा बेहोशी ये कुछ लक्षण हैं जो लू को प्रकट करते हैं। लू लगने पर सर में गीले कपड़े की पट्टी लगाना उचित होगा अधिक से अधिक ओआरएस घोल दिया जाए,मरीज के शरीर को ठंडे पानी से पोछना चाहिए अधिक से अधिक ठंडा पेय दिया जाए,उल्टी तेज सर दर्द को स्थिति में मरीज को तत्काल अस्पताल ले जाना चाहिए। जहां तक लू से बचाव का सम्बंध है तो जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट श्वेता शर्मा के अनुसार इस हेतु व्यक्ति को कोशिश करनी चाहिए कि,वह घर से कम ही बाहर निकले,बाहर जाने की स्थिति में स्वयं को कपड़ों से ढँक कर रखे। कपड़े मुलायम और सूती हों तो अच्छा रहेगा। इसके अतिरिक्त लगातार पानी और अन्य पेय पदार्थ का सेवन करते रहना चाहिए। उल्टीएसर दर्द,तेज बुखार की स्थिति में चिकित्सक से संपर्क किया जाए।

# भाजयुमो ने फूंका मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री का पुतला

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला सक्ति के तत्वाधान में बेमेतरा जिले के बीरनपुर गांव में हिंदू युवक भुनेश्वर साहू के नृशंस हत्या के विरोध में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू का पुतला फूंका गया। इस संबंध में बात करते हुए भाजयुमो जिला महामंत्री अभिषेक शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में लगातार हिंदुओं को टारगेट करते हुए उनकी हत्या की जा रही है। विगत 4 वर्षों में छत्तीसगढ़ में हत्या,लूटपाट, चाकूबाजी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। विगत शनिवार को जिस प्रकार जिहादियों के झुंड के द्वारा भाई



भुनेश्वर साहू की खुलेआम निर्मम हत्या की गई और छत्तीसगढ़ सरकार ने आज पर्यंत इस मामले पर परिवार से मिलकर संवेदनाएं तक व्यक्त नहीं करी और जब हमारे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू व प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा सहित युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत व अन्य पदाधिकारी संवेदनाएं प्रकट करने,वस्तु स्थिति का जायजा लेने मृतक के परिवारजनों से मिलने जा रहे थे तो उनको मृतक परिवार के घर से 3 किलोमीटर पूर्व ही गिरफ्तार कर लिया गया। इसके विरोध में आज पुतला दहन किया जा रहा है। भाजपा जिलापाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल ने कहा कि भूपेश बघेल उप्र जाकर लखीमपुर की घटना पर 50 लाख देते है और छग के हिंदू युवक की जेहादियों द्वारा हत्या पर 10 लाख की घोषणा करते है ये भूपेश की हिंदू विरोधी मानसिकता को बताता है। ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष प्रेम पटेल ने कहा कि इस हिंदू विरोधी भूपेश बघेल की सरकार के संरक्षण में लगातार हो रहे हिंदुओं की हत्या और भाजपा नेताओं की गिरफ्तारी के विरुद्ध 11अप्रैल भारतीय जनता युवा मोर्चा सक्ति द्वारा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का पुतला फूका जा रहा हैऔर मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि भुनेश्वर साहू के परिवार को तत्काल एक करोड़ रुपए की मुआवजा राशि दी जाए और भुवनेश्वर साहू के हत्यारों को फांसी की सजा दी जाए नहीं तो तत्काल भूपेश बघेल अपने पद से इस्तीफा दें। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंकित अग्रवाल,भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री कृष्ण गबेल,भाजपा महामंत्री पहलवान दास महंत,गोविंद देवांगन, अमन डालमिया,भाजयुमो जिलाउपाध्यक्ष द्रव्य प्रकाश साहू, चिराग अग्रवाल, रंजन सिन्हा,जिला मंत्री तुलेश जायसवाल, पूनम गोस्वामी,योगेश साहू,सूरज देवांगन,आदित्य अग्रवाल,हर्ष देवांगन,लखन नामदेव,कमल अग्रवाल,चेतन साहू,सुरेश कृपलानी,वेद देवांगन,सूर्यप्रकाश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सचिव संघ ने बाइक रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



कुसमी विकासखंड के सचिव संघ द्वारा अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर दिनांक16 मार्च 23 से लेकर आज 26दिन अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठ गए है ।कुसमी सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष फुलेश्वर तिर्की से पूछने पर बताया गया कि इससे पहले भी हम सभी सचिव संघ प्रांताध्यक्ष के अहवाहन पर पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में सभी विकासखंड स्तर पर हड़ताल में बैठे हुए थे , जिसमे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा हमारी एक सूत्रीय मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया गया था , मगर इस वर्ष के बजट में सचिव संघ के लिए किसी भी प्रकार का मानदेय बढ़ोतरी संबंधित प्रावधान नहीं रखा गया है । जिससे हम सभी सचिव संघ द्वारा प्रदेश सचिव प्रांताध्यक्ष के अहवाह्न पर हमारी एक सूत्रीय मांगो को आज तक नही सुनने पर मजबूरन सरकार के खिलाफ हड़ताल पर बैठना पड़ रहा है आज हम सब के द्वारा बाइक रैली निकालकर अपनी मांगों को जिला पंचायत सीईओ माननीय कलेक्टर महोदय का घेराव करेंगे और अपनी मांगों को उनके समक्ष रखेंगे। जबतक हमारी एक सूत्रीय मांग को शासन द्वारा नही सुनी जाएगी तब तक हम सभी सचिव हड़ताल में बैठे रहेंगे। पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में सचिव संघ के द्वारा एक साथ अपने एक सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर चले जाने से शासन के द्वारा जनपद पंचायत स्तर पर होने वाले सभी विकास कार्य ठप पड़ा हुआ है , जिससे ग्रामीण जनता को मूलभूत सुविधाओं के प्रति काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है अब देखना यह है की छत्तीसगढ़ सरकार इनकी मांगों को कितना जल्द पुरा कर रही है या फिर यह हड़ताल निरंतर जारी रहेगा ।

# महुआ बीनने की बात को लेकर भाई की पिटाई

थाने में एफआईआर दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




क्षेत्र में महुआ बीनने को लेकर विवादों के सामने आने का सिलसिला जारी है। अब छाल थाना क्षेत्र के छाल में महुआ बीनने की बात को लेकर भाई की पिटाई करने का मामला सामने आया है। वहीं, प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रेमसाय नामक एक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस घटना के बारे में प्रार्थी दादूराम ने पुलिस को बताया कि छाल में रहता हूं खेती किसानी का काम करता हूं। उसने बताया कि बीते दिनांक 10 अप्रैल को सुबह मैं बंधानी के नीचे अपने खेत में महुआ बीनने गया था। उसी समय करीब 10 बजे मेरा भाई प्रेमसाय राठिया गंदी गंदी गली गलौच करते हुये आया और महुआ को क्यो बीन रहा है कहकर अपने पास रखे लकडी के डण्डा से पीठ में मारा और गला को पकड कर जमीन में गिरा दिया एवं सीने को लात से मारते हुये आज तुझे जान से मार दूंगा बोला। तब मैं जान बचाकर घर तरफ भागा। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि मारपीट करने से पीठ, सीने एवं गले में सुजन आकर दर्द हो रहा है।

## एक नजर

### पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा के निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर

जोहार छत्तीसगढ़-धरामजगढ़।

भारतीय जनता पार्टी जिले के पूर्व अध्यक्ष, प्रदेश भाजपा में कार्यसमिति सदस्य कापू निवासी राजेश शर्मा के आकस्मिक मृत्यु की खबर पाकर पूरे जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। आज शाम को जैसे ही उनकी देहावसान की खबर आई सारे कार्यकर्ताओं में दुख व्याप्त हो गया। वे भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता के साथ ही साथ सामाजिक व्यक्ति भी रहे मृदुभाषी राजेश शर्मा की कार्यप्रणाली से कार्यकर्ता स्वयं ही उनकी ओर



आकर्षित हो जाया करते थे। भाजपा जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने इस दुखद बेला में शोक व्यक्त करते हुए उनसे जुड़े हुए सुखद पलों को याद करते हुए इस क्षती को व्यक्तिगत क्षती मानते हुए परमपिता परमेश्वर से कामना की है की राजेश शर्मा के पुण्यात्मा को अपने चरणों में स्थान दें इस दुखद बेला को सहने की शक्ति परिवार जनों को ईश्वर प्रदान करें।

### चलित थाना लगाकर ग्राम कुरडीह में लोगों की समस्या व गौ हत्या जैसी घटनाओं पर रोकने लोगों को दी समझाइश

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

जिला बलरामपुर के चादो थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत कुरडिह में चांदो थाना पुलिस के द्वारा चलित थाना लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली साथ में कुछ दिन पूर्व समुदाय विशेष के लोगों के द्वारा गौ हत्या किया गया था जिससे हिंदू धर्म की भावनाएं आहत हुई थी ।जिसके संबंध में चांदो थाना प्रभारी संपत राम पोटाई एवं चांदो तहसीलदार दानिश परवेज के द्वारा छत्तीसगढ़ में गौ हत्या प्रतिबंधित होने के बावजुद चांदो थाना क्षेत्र में बार-बार गौ हत्या जैसी घटनाएं घटित की जा रही है जिस पर प्रतिबंध लगाने के लिए मुस्लिम समुदाय के मुखिया एवं मुस्लिम समुदाय के गणमान्य ग्रामीणों को गौ हत्या जैसी घटनाओं पर रोक लगाने हेतु समझाइश दी गई साथ ही रमजान महीना को देखते हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से ईद मनाने की सलाह भी दी गई एवं थाना स्टाफ मिथिलेश पाठक के द्वारा मोबाइल हैकिंग,सायबर ठगी जैसे अपराधो से बचने के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी गई तथा किसी अपरिचित व्यक्ति को ओटीपी नहीं देने और मोबाइल में आए हुए किसी भी प्रकार के लिंक को टच नहीं करने की सलाह दी गई साथ ही साइबर अपराध से बचने संबंधी अन्य सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई।

### कलेक्टर ने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा लोगों का प्राथमिकता से जाति प्रमाण पत्र बनाने के दिए निर्देश

राजस्व के लंबित प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करने के लिए कहा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेकर राजस्व की लंबित प्रकरण बंटाकन सीमांकन नांमातरण आरबीसी 6.4 के प्रकरण मुआवजा वितरण जाति प्रमाण पत्र भू-अर्जन के प्रकरणों खाता विभाजन स्वेच्छा अनुदान और भुमि-आबंटन की गहन समीक्षा किए और आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों का प्राथमिकता से जाति प्रमाण पत्र राशन कार्ड आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कहा है।

उन्होंने एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए ग्राम सभा से अनुमोदन करा करके विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा लोगों का जाति प्रमाण पत्र बनवाएं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सभी एस डी एम और राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

# एसडीएम पटेल ने धरमजयगढ़ थाने में शांति समिति की बैठक ली,तहसीलदार डहरिया एवं थाना प्रभारी भी रहे उपस्थित

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

थाना धरमजयगढ़ में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ डिगेश पटेल ने बैठक में कहा कि बेमेतरा में हुए घटना को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार यह बैठक रखी गई है।



पटेल ने कहा कि किसी प्रकार का कोई धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने वाली बात आती है तो तत्काल पुलिस को या प्रशासन को सूचित करें। कानून को अपने हाथ में लेने से बचें। यदि कोई असामाजिक तत्व सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उसके ऊपर दंडात्मक कार्रवाई की जावेगी। तहसीलदार भोजराम डहरिया ने कहा कि सोशल मीडिया में भड़काऊ पोस्ट करना अपराध है। यदि कोई पोस्ट डालता है तो भी उसकी पुलिस या प्रशासन को जानकारी दें। बैठक में उपस्थित गणमान्य लोगों ने कहा कि यहां सभी भाईचारे के साथ रहते हैं। सभी धर्म संप्रदाय के लोग एक दूसरे का सम्मान करते हैं। बैठक में थाना प्रभारी नंदलाल पैंकरा ने भी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

# पोरिया गांव में पिता पुत्र से मारपीट

3 आरोपियों पर केस दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के पोरिया गांव में पिता पुत्र की डंडे से पिटाई करने का मामला सामने आया है। वहीं, इस मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न कानूनी धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस घटना के बारे में किशुन यादव पिता मंगल यादव उम्र 45 वर्ष एवं मेरे पिता मंगल यादव पिता बबउ यादव उम्र 65 वर्ष लगभग दोनों निवासी पोरिया पो. बोरो तहसील धरमजयगढ़ का निवासी हैं। मैं अपने हक की भूमि पर आज दिनांक दोपहर 12 बजे घर बनाने के लिए अपने आंगन में काम कर रहे थे। तभी सुखु यादव पिता कांशी राम यादव तथा उसके दोनों पुत्र लिलाम्बर यादव एवं युवराज यादव दोनों ने अलग अलग अपने हाथों में डंडा लेकर आये और अश्लील गाली गलौज कर दोनों जनें डंडा से मार पीट किये हैं। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि इस घटना से हमें बहुत अधिक डर लग रहा है। हमें डर है कि जान से भी मार सकते हैं। मेरे पिता मंगल यादव को भी मार पीट से गंभीर चोट पहुंचाये है। प्रार्थी ने आरोपी सुख यादव पिता कांशी राम यादव तथा उसके दोनों पुत्र लिलाम्बर यादव एवं युवराज यादव पर उचित दण्डात्मक कार्यवाही कर अपने जान माल की रक्षा करने की मांग की है।

# कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना के संबंध में ली बैठक

गोधन न्याय योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपद सीईओ और एसडीओ को किया जाएगा सम्मानित



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गोधन न्याय योजना की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव सभी जनपद पंचायत सीईओ और कृषि विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान गोबर खरीदी,खाद बनाने में प्रगति, सोसायटी के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट खाद का विक्रय गोबर खरीदी का भुगतान सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा किए। उन्होंने पत्थलगांव जनपद पंचायत सीईओ तुलसीराम मरकाम और एसडीओ जीएस ठाकुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। और गोबर खरीदी में प्रगति लाने के लिए सख्त हिदायत दी है। और कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने के लिए कहा है। कलेक्टर ने सोसायटी के माध्यम से खाद का विक्रय करवाने के निर्देश दिए हैं। और गोधन न्याय योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मनोरा जनपद पंचायत सीईओ और एसईडीओ कांसाबेल विकास खंड के जनपद पंचायत सीईओ और एसईडीओ दुलदुला विकास खंड के जनपद पंचायत सीईओ और एसईडीओ फ रसाबहार के जनपद पंचायत सीईओ और एसईडीओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के निर्देश दिए हैं।

# दो दिन पहले 18 वर्षीय लड़की ने पिया था जहर,हुई मौत

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



रामनगर क्षेत्र में आत्महत्या के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। आत्महत्या के कई मामले सामने आए हैं। जिसमें 3 की मृत्यु हो गई है। दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। वहीं एक 18 वर्षीय लड़की की जहर खाने से मौत हो गई है। वहीं कीटनाशक सेवन करने वाली एक महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है। धरमजयगढ़ के बेहरापारा निवासी नंदिनी यादव पिता गणेश यादव उम्र 18 वर्ष ने 8 अप्रैल को जहर का सेवन कर ली थी। जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां 11 अप्रैल को उसकी मृत्यु हो गई। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग क्रमांक 36/23 कायम कर आगे की कार्यवाही शुरू की है। युवती द्वारा जहर पी कर आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

# पति ने लगाई फांसी तो पत्नी ने पिया जहर, एक माह पहले हुई थी शादी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



पति पत्नी में किया हुआ कि पति ने फांसी लगाया तो पत्नी ने जहर पी लिया। मामला धरमजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम बायसी की है। जहां मृतक के परिजनों ने घटना की जानकारी थाने में दी है। वहीं पुलिस ने मर्ग क्रमांक 35/23 कायम कर लिया है। जिसके बाद शव पंचनामा के बाद पोर्स्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि 10 अप्रैल की रात्रि मृतक शिवदास महंत पिता धरम दास उम्र 22 वर्ष एवं पत्नी गुरबारी महंत खाना खा कर घर में सो गए। तभी रात्रि को शिवदास महंत गमछे से अपने घर के म्यांर में फ ांसी लगा लिया। उसकी पत्नी गुरबारी महंत ने फांसी के फं दे को काटकर उसे नीचे उतार कर। परिजनों को घटना की जानकारी दी वहीं खुद कीटनाशक दवाई का सेवन कर ली। परिजनों ने घर जाकर देखा तो शिवदास की मौत हो चुकी थी। वहीं पत्नी गुरबारी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर दिख रही है। बताया जा रहा है कि मृतक शिवदास एवं गुरबारी की शादी एक माह पहले ही हुआ था। ऐसा किया हुआ की पति फ ांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वहीं पत्नी कीटनाशक दवाई का सेवन कर ली। दोनों का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है। गुरबारी के स्वस्थ होने के बाद ही कारणों का पता चल सकता है। मेंहदी का रंग छुटने से पहले ही आखिर दोनों ने आत्महत्या जैसे कदम क्यों उठाए।

## बेरोजगारी भत्ता मिलेगा 25 सौ प्रतिमाह, युवाओं में दिख रहा उत्साह

**कोरबा** ।मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल 2023 से बेरोजगारी भत्ता योजना लागू हो चुकी है। इस योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हर माह 2500 रूपए का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में किया जाएगा। पंजीयन कराने वाले बेरोजगारों को कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा और उन्हें रोजगार प्राप्त करने में सहायता दी जाएगी। इस योजना के लागू होने के बाद जिले के बेरोजगार युवाओं में बेरोजगारी भत्ता पाने के लिए खासा उत्साह है। वे आवेदन करने में अपना रूचि दिखा रहे हैं। योजना के प्रारंभ होने के 10 दिवस के भीतर एक हजार से अधिक बेरोजगार युवाओं ने पोर्टल में अपना पंजीयन कराया है। पंजीयन के साथ ही बेरोजगारों को सत्यापन के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। उनके बैंक खातों का भी सत्यापन किया जा रहा है।

# बैक के सामने से 3 लाख की उठाईगीरी ,संदिग्ध व्यक्ति सीसी कैमरे में कैद

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



नवापारा खुर्द निवासी पंचायत धनपुर का पंचायत सचिव सुरेंद्र गबेल 10 अप्रैल 2023 को एचडीएफसी बैंक सक्ती के सामने से मेरे मोटर सायकल के डिगी में रखे 3 लाख रुपये को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है जिसके संबंध में लिखित आवेदन दे रहा हूं कार्यवाही चाहता है। कि लिखित आवेदन पर धारा 379 भादवि का अपराध घटित करना पाये जाने से पजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया लिखित आवेदन पत्र थाना प्रभारी थाना सक्ती छग विषय प्रथम सूचना दर्ज करने व निवेदन है कि मैं पार्थी सुरेन्द्र गवेल पिता सम्मत उम्र 40 वर्ष निवासी नवापारा खुद सक्ती जिला शक्ती का रहने वाला है। 10 अप्रैल 2023 को घर से 4 लाख रुपये लेकर एक्सीस बैंक सक्ती सुवह करीब 1045 बजे आया था मेरी पत्नी सावित्री बाई के सेविंग अकाउंट में 1 लाख रूपये जमा किया बाकी 3 लाख रुपया जमा नहीं हुआ उसे के अंदर एचडीएफ सी बैंक शाखा की गया डेविड कार्ड का 673 रुपया जमा करना था जो जमा नहीं हुआ तो बैंक से 11.35 बजे करीब घर जाने के लिये बाहर निकला पैसा को मोटरसाइकिल की डिकी घर जाने वाला ही था। उसी समय एक व्यक्ति वोला पैसा गिरा है तब देखा तो मोटर सवार के कुछ दूरी बंगल में कुछ पैसा गिरा हुआ था तब मैं उस पैसा को उठा कर अपने मोटरसायकल पास आया और डिकी को देखा तो अंदर रखा हुआ पैसा थैला सहित नहीं था। कोई व्यक्ति मेरे मोटर के बैग में रखे 3 लाख रुपये को चोरी कर ली है। घटना के बारे में मैं अपने दोस्त राजकुमार गवेल को बताया हूं। आस पास पता नाम किये कोई पता नहीं चला। अत: से निवेदन है कि प्रथम सूचना दर्ज कर कार्यवाही करने की कृपा करें।

# रैरुमा चौकी क्षेत्र में अलग-अलग घटना में तीन की मौत

जोहार छत्तीसगढ़ धरमजयगढ़।

**थाना धरमजयगढ़ अंतर्गत रैरुमा चौकी क्षेत्र में अलग अलग घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। अधिक शराब सेवन के कारण खाना नहीं खाने से अधेड़ व्यक्ति की मौत, पानी में डूबने से अधेड़ महिला की मौत एवं मानसिक रूप से कमजोर युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या जैसे मामला आया है।**



जिसमें पुलिस मर्ग कायम कर कार्यवाही कर रही है। पहला मामला बोंकी सकरलिया की है। जहां नान्हीराम बिरहोर पिता समारू राम उम्र 65 वर्ष की मौत शराब का अधिक सेवन करने के कारण समय पर भोजन नहीं करने कारण मौत होना बताया जा रहा है। नन्हीराम विगत कई दिनों से शराब पी रहा था। शराब पीने के कारण कई दिनों से भोजन नहीं कर रहा था। 10 अप्रैल को नान्हीराम जागेश्वर रजक के बरामदा में सोया था जहां उसकी मौत हो गई। दूसरा मामला ग्राम रैरुमा खुर्द की है। जहां बुधकुंवर मांझी पति सुखलाल मांझी उम्र 55 वर्ष दूसरे मोहल्ले लकड़ी बेचने गई थी। वापस आते समय तालाब में नहाने के दौरान डूबने से उसकी मौत हो गई। तीसरी घटना ग्राम सजवारी की है। जहां नवयुवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। 10 अप्रैल की रात्रि कमलेश राठिया पिता भूवनसिंह राठिया उम्र 18 वर्ष अपने घर के म्यांर में रस्सी से फ ांसी लगा लिया था। सुबह परिजनों ने देखा कि कमरा के दरवाजा अंदर से बंद है। आवाज लगाने से भी नहीं सुन रहा है। तब परिजन दरवाजा को तोड़कर अंदर गए तो देखा की वह फांसी पर लटका हुआ था। मृतक के परिजनों ने बताया की मृतक मानसिक रूप से कमजोर था। वहीं मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने तीनों मामले में मर्ग कायम कर तीनों शव को पोस्टमार्टम कराया है।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in